रोहतक
रविवार, 19 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 260
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 34.4
न्यून. 16.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में विराट-रोहित के फॉर्म पर सबकी निगाहें




# धनतेरस पर बरसा धन...

- इलेक्ट्रोनिक्स, कपड़े, बर्तन, फूल, मिठाई, गहने, सोना, चांदी के सिक्के खरीदे
- गाड़ी, घर सज्जा, झाड़ू, पूजन सामग्री की भी जमकर खरीदारी हुई
- बाजारों में भारी भीड़ उमड़ी, पैर रखने की तक की जगह नहीं मिली

## प्रदेश में 2,500 से 3,000 करोड़ रुपये की खरीदारी का अनुमान



### चौतरफा खरीदारी का बूम

बाजारों में खरीदारों की जबरदस्त भीड़ रही और चौतरफा खरीदारी का बूम रहा है। सोने-चांदी के भाव कुछ कम होने से सर्राफा बाजार में सिक्के, मूर्ति और आभूषणों की खरीदी का जबरदस्त उत्साह रहा, जबकि ऑटोमोबाइल सेक्टर में दीपोत्सव पूर्व वाहन खरीदी की में 20 से 25 फीसदी की ग्रोथ रही। लेकिन, धनतेरस शनिवार के दिन पड़ने से इस सेक्टर में वाहनों की खरीदी तो हुई पर धनतेरस के एक दिन बाद भी खरीदारी का बूम रहेगा।

### पूरा प्रदेश जगमग

प्रदेश पूरी तरह रोशनी से जगमग हो चुका है। शहर के सभी मंदिरों को आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, वहीं मकानों, चौराहों व सरकारी कार्यालयों में भी रंग-बिरंगी रोशनी छटा बिखेर रहे हैं। शनिवार को धनतेरस के पर्व पर शहर के सभी मुख्य बाजारों व शॉपिंग मॉल में लोगों की काफी भीड़ रही। लोगों ने धनतेरस पर जमकर खरीददारी की। धनतेरस पर ज्वेलर्स, रेडीमेड गारमेंटस, बर्तन शॉप, ऑटोमोबाइल व इलेक्ट्रानिक के शोरूम पर करोड़ों रुपये का कारोबार हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

धनतेरस यानि धनवंतरी जयंती शनिवार से पांच दिवसीय दीपपर्व की शुरूआत हो गई। धनतेरस के मौके पर प्रदेश के सभी जिलों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। इलेक्ट्रोनिक्स, कपड़े, बर्तन, फूल, मिठाई, गहने, सोना, चांदी के सिक्के व अन्य सामान, गाड़ी, घर सज्जा और मिष्ठान आदि हर तरह सामानों की खूब खरीदारी हुई। जीएसटी कम होने से इस बार बाजारों में खरीदारी ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। एक अनुमान के मुताबिक प्रदेश में 2,500 से 3,000 करोड़ रुपये की खरीदारी हुई है। इससे हर तरह के व्यापारियों में खुशी की लहर देखी गई। जीएसटी कटौती का सर्वाधिक लाभ वाहन खरीदार उठा रहे हैं। इसलिए इस बार सर्वाधिक धनवर्षा ऑटोमोबाइल सेक्टर में देखने को मिली। अकेले रोहतक में ऑटोमोबाइल सेक्टर में 40 से 50 करोड़ रुपये की खरीदारी का अनुमान है। इसी तरह प्रदेश में लोगों ने जमकर खरीदारी की।



### देशभर में सोने-चांदी में 50,000 करोड़ रुपये का व्यापार

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और ज्वेलरी विंग ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ) के अनुमान के मुताबिक हरियाणा सहित समूचे देश में धनतेरस के अवसर पर लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के सोने चांदी के व्यापार का अनुमान है। इस बार बिक्री 30 फीसदी से अधिक दर्ज की गई।

### 12 साल बाद त्रिपुष्कर योग

इस साल धनतेरस पर 12 साल बाद त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग और ब्रह्म योग का संयोग बना। इस योग में मां लक्ष्मी की कृपा जमकर बरसती है। दिवाली से पहले धनतेरस के दिन कुबेर जी की पूजा होती है।

### पहले से ज्यादा भीड़

किला रोड मार्केट में धनतेरस के दिन ज्यादा भीड़ देखने को मिली। पिछली दीपावली से भी ज्यादा भीड़ देखने को मिली। क्योंकि मार्केट में रोहतक जिले से ही नहीं अन्य जिलों से भी लोग सामान खरीदने के लिए आते हैं, क्योंकि यहां पर एशिया की सबसे बड़ी मार्केट शौरी मार्केट स्थित है। इसी के साथ बर्तन और कपड़ा खरीदने के लिए भी लोगों का आवागमन होता रहता है।

**-जगदीश धींगड़ा,**
प्रधान, किला रोड मार्केट, रोहतक






केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोरखपुर के ग्राम डुमरीखुर्द में लगाई 'ग्राम चौपाल

# किसान खेती के साथ पशुपालन मत्स्य और मधुमक्खी पालन करें

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

चौहान ने किसानों के हित में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार उत्पादन बढ़ाने, बेहतर बीज उपलब्ध कराने और लागत घटाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल के नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए प्रमुख फसलों, उत्पादन लागत और स्थानीय खाद्य की दुकानों की आवश्यकता जैसे मुद्दे की भी जानकारी ली।

### पशुओं के टीकाकरण के लिए चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा



उन्होंने केंद्र सरकार के दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत मसूर और चना के उत्पादन बढ़ाने की पहल से अवगत कराया और किसानों के सुझाव भी मांगे। शिवराज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी दरों में सुधार के बाद कृषि यंत्रों पर जीएसटी 12 फीसद और 18 फीसद से घटाकर 5 फीसद कर दी गई है, जिससे किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों को खेती के अलावा पशुपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खी पालन और बागवानी के लिए भी प्रेरित किया। पशुओं के टीकाकरण के लिए चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

### केंद्रीय मंत्री का आह्वान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के ग्राम डुमरीखुर्द में आयोजित 'ग्राम चौपाल' में ग्रामीण भाई-बहनों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण निवासी, किसान भाई-बहन, स्वयं सहायता समूह की दीदियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भागादारी की।

SANSKARAM COLLEGE OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCE
SANSKARAM UNIVERSITY, KHERI TALUKA, Pataude (Jhajjar)
KHERI TALUKA, PATAUDA, NEAR GURGAON & REWARI (JHAJJAR)
Permanently Recognised by VCI, Vide Letter No. REGD No. D.L - 33004/99
included in Schedule I of VCI under Sanskaram University

Bio-data along with relevant documents are invited for the following posts by Email: Deanscvaspatauda@gmail.com. The Applicant Should be NET Qualified and MVSc or Doctorate in concerned subject. The candidates having Ph.D. Degree will be preferred. The retired Veterinary Professors having less than 70 years age may also apply.

| Name of Department | Name of Post | | |
|---|---|---|---|
| | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
| Veterinary Anatomy | 1 | 1 | 1 |
| Veterinary Physiology & Biochemistry | - | 1 | 1 |
| Animal Nutrition | - | 1 | 1 |
| Veterinary Parasitology | - | 1 | 1 |
| Veterinary Surgery & Radiology | - | 1 | 1 |
| Veterinary Gynaecology and Obstetrics | - | 1 | 1 |

Note : This is a rolling advertisement and will remain active till the interview is held.
The College Reserves the right to Increase/Decrease or withdraw any past indicated in the Recruitment notice at any stage.
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE FROM ROHTAK, GURUGRAM REWARI and JHAJJAR BAHADURGARH METRO STATION
VERY REMUNERATIVE SALARY FOR DESERVING CANDIDATES
Spacious Accommodation Available with Modern Amenities.
CALL : 8397970811, 7056999239

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr. P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सतीश** पुत्र श्री रणवीर सिंह निवासी गाँव मंडी, पुलिस स्टेशन इसराना, जिला पानीपत, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 64/2018 धारा 33/52/10.10 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना संगम विहार, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सतीश** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सतीश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 64/2018 धारा 33/52/10.10 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना संगम विहार, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सतीश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.11.2025** को हाजिर हो। आदेशानुसार: श्री चतिन्द्र सिंह,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04, (दक्षिण)
कमरा नं. 211,
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली
DP/14146/SD/2025

## रक्षा मंत्री ने किया एलसीए मार्क-1ए की तीसरी उत्पादन लाइन का शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में पाक प्रायोजित आतंकवाद का फन कुचलने में मिली भारी कामयाबी के बाद भारत में महाराष्ट्र के नासिक में हल्के लड़ाकू विमान तेजस-मार्क-1ए (एलसीए) की तीसरी और एचटीटी-40 विमान की दूसरी उत्पादन लाइन की शुरुआत की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोनों उत्पादन सुविधाओं का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने इस संयंत्र में निर्मित पहले एलसीए मार्क-1ए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

### भारत अपनी सुरक्षा करने में सक्षम

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे सुरक्षा इतिहास में ऐसे दुर्लभ उदाहरण मौजूद हैं। जब पूरी व्यवस्था का एक साथ परीक्षण हुआ था। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने हमें ये अवसर प्रदान किया कि जिसमें हमारी सेनाओं ने न केवल वीरता, प्रतिबद्धता दिखाई। बल्कि स्वदेशी उपकरणों में अपना पूर्ण विश्वास भी प्रदर्शित किया।

### नई दौड़ के लिए तैयार रहना जरूरी



रक्षा मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर युद्ध, ड्रोन सिस्टम और अगली पीढ़ी के विमान भविष्य के संघर्ष की दिशा तय कर रहे हैं, युद्ध अब कई सीमाओं पर लड़े जा रहे हैं। भारत को भी इस नई दौड़ में हमेशा आगे रहना चाहिए। उन्होंने एचएएल को अगली पीढ़ी के विमान, मानव रहित प्रणालियों और नागरिक उड्डयन में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कंपनी अपनी सीमाओं को केवल एलसीए तेजस या एचटीटी-40 तक ही सीमित न करे। बल्कि इनसे भी आगे जाए। राजनाथ ने अत्याधुनिक व स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताई।

## किसी ने नहीं सोचा था कि आरएसएस 100 साल में दुनिया का सबसे बड़ा संगठन होगा : राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि किसी ने भी यह अनुमान नहीं लगाया होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सौ साल के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन जाएगा। लखनऊ में एक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, सिंह ने कहा, ₹राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना लगभग 100 साल पहले एक कमरे में हुई थी तब सिर्फ उसमें पांच सात लोग थे और किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह 100 वर्ष पूरे होते ही विश्व का सबसे बड़ा संगठन बनेगा।" उन्होंने दावा किया कि भाजपा का दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होना ₹ईश्वरीय आशीर्वाद₹ है। सिंह ने इस वृद्धि का श्रेय ₹कई लोगों के ऋषियों और तपस्वियों जैसा जीवन जीने₹ को दिया। देश की प्रगति का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा, ₹(अर्थव्यवस्था के मामले में) 2014 में, हम 11वें स्थान पर थे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आयोजन

## 22 से 24 अक्टूबर तक नौसेना का शीर्ष कमांडर सम्मेलन

■ नौसेना के वरिष्ठ कमांडरों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** पाकिस्तान के साथ पश्चिमी-सीमा पर बनी हुई सुरक्षा चुनौती के बीच भारतीय नौसेना के द्विवार्षिक कमांडर सम्मेलन का दूसरा चरण अगले सप्ताह 22 से 24 अक्टूबर तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कैबिनेट सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह नौसेना के वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित करेंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल डीके त्रिपाठी बाकी कमांडरों के साथ हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में समूची सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के साथ उससे जुड़ी हुई योजना का आकलन करेंगे। सम्मेलन के एजेंडे में नौसैन्य अभियान, प्रशिक्षण और मौजूदा परिदृश्य में संसाधनों की उपलब्धता के हिसाब से विभिन्न अभियानों में तैनाती जैसे मुद्दे भी शामिल रहेंगे। भविष्य की संभावनाओं के रोडमैप (सुधार के साथ रणनीतिक लॉजिस्टिक, डिजिटाइजेशन का मुद्दा भी होगा शामिल) पर भी वरिष्ठ नौसैन्य कमांडर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन में स्वदेशीकरण, मेक इन इंडिया योजना के तहत नवाचार को बढ़ावा देने और केंद्र के महासागर विजन और हिंद महासागर क्षेत्र से लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा प्रदाता के रूप में बल को प्रोत्साहन देने के मामले पर भी चर्चा की जाएगी। शनिवार को एक बयान में नौसेना ने बताया कि इस साल 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के जवाब में दुश्मन देश के पाले-पोसे हुए आतंकियों का सफाया करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान के बाद हो रहा यह सम्मेलन काफी अहम माना जा रहा है।

### स्पष्ट होगा विकसित भारत का विजन

नौसेना के मुताबिक, रक्षा मंत्री और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के संबोधन से नौसेना की तीनों कमांड के शीर्ष कमांडरों को राष्ट्रीय हितों और भारत के विकसित भारत-2047 को लेकर बने हुए विजन के संदर्भ में सोच और अधिक व्यापक होगी। ये सम्मेलन राष्ट्रीय नेतृत्व और नौकरशाहों को निकट संपर्क स्थापित करने का एक मंच प्रदान करेगा। जिससे नौसेना को वर्तमान भू-सामरिक माहौल में बहुआयामी चुनौतियों का मुकाबला करने की क्षमता और सोच दोनों विकसित होंगे। इसके अलावा सीडीएस और एयरचीफ मार्शल सिंह की वरिष्ठ नौसैन्य कमांडरों से होने वाली मुलाकात संयुक्त योजना बनाने, समन्वय को बढ़ावा देने और अभियानों के संचालन व क्षमता बढ़ाने के लिए संसाधनों के समुचित इस्तेमाल जैसे विषयों पर चर्चा करने से जुड़ी हुई होगी।
सुरक्षा स्थिति की होगी समीक्षा



रोहतक, रविवार, 19 अक्टूबर, 2025


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप : 16 साल की तन्वी का जलवा फाइनल में की जगह पक्की

## सेना की ताकत




ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से मिसाइलों की पहली खेप रवाना

**खासियतें**

- 2200 से 3000 किलो तक है मिसाइल का कुल वजन
- 26 से 30 फीट तक की है मिसाइल की कुल लंबाई
- 200 से 300 किलोग्राम विस्फोटक ले जाने की क्षमता

कुछ की लंबाई 42 फीट तक

| रेंज | स्पीड | उड़ान |
|---|---|---|
| 290 किमी | 2500 किमी/घंटा | 10 मी. ऊंचाई |

### रक्षामंत्री बोले, ऑपरेशन सिंदूर तो केवल एक ट्रेलर था

# पाक की एक-एक ईंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में : राजनाथ

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि अब जीत हमारे लिए कोई छोटी-मोटी घटना नहीं रहा, बल्कि यह हमारी आदत बन चुकी है। अब हमें इस आदत को बनाए रखने के साथ-साथ इसे और भी मजबूत करने का संकल्प लेना होगा।''



### अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका में

राजनाथ सिंह ने कहा- ब्रह्मोस जैसी उपलब्धियों से मेड इन इंडिया ग्लोबल ब्रांड बन गया। अब हम फिलीपींस को ब्रह्मोस निर्यात करेंगे। यानी अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका में आ गया है। इस बड़ी फैसिलिटी के साथ यूपी में छोटे व्यवसायियों के लिए बड़ा मौका डेवलप हो रहा है। छोटे-छोटे पाट्‌र्स बड़े प्रोजेक्ट में जरूरी होते हैं इसलिए इस यूनिट से कई तरह के फायदे हैं। यूपी से ब्रह्मोस मिसाइल की डिलीवरी हो रही है। इसका जीएसटी सरकार को मिला। इस तरह से मां लक्ष्मी की कृपा सेना के साथ इकोनॉमी पर भी हो रही है। एक मिसाइल से मिलने वाली आय से सरकार कई हॉस्पिटल बना सकती है।

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶| लखनऊ/नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अब पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन 'ब्रह्मोस' मिसाइल की पहुंच में है। सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लखनऊ स्थित 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस' इकाई में निर्मित 'ब्रह्मोस' मिसाइल की पहली खेप के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि अब जीत हमारे लिए कोई छोटा-मोटा इंसीडेंट (घटना) नहीं रहा, बल्कि यह हमारी आदत बन चुकी है। अब हमें इस आदत को बनाए रखने के साथ-साथ इसे और भी मजबूत करने का संकल्प लेना होगा।''

**रक्षामंत्री बोले, जीत हमारे लिए कोई घटना नहीं, आदत बन चुकी**

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के किसी भी हिस्से में जब 'ब्रह्मोस' का नाम लिया जाता है तो लोगों को इसकी तकनीकी विशेषताएं भले न पता हों, लेकिन बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक के मन में मिसाइल की छवि के साथ-साथ विश्वसनीयता स्वाभाविक रूप से आ जाती है। उन्होंने कहा, ''अब सबको भरोसा है कि हमारे विरोधी 'ब्रह्मोस' से नहीं बच पाएंगे। जहां तक पाकिस्तान की बात है, उसकी एक-एक इंच जमीन अब ब्रह्मोस की पहुंच मे है।'' रक्षा मंत्री ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर में जो कुछ हुआ, वह सिर्फ एक 'ट्रेलर' (नमूना) था। लेकिन उसने ही पाकिस्तान को यह एहसास दिला दिया कि अगर भारत पाकिस्तान को जन्म दे सकता है, तो समय आने पर वह...।''

### दुनिया की उम्मीदें भारत के लिए एक बड़ा अवसर

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश और दुनिया की उम्मीदें भारत के लिए एक बड़ा अवसर हैं। उन्होंने कहा कि जब देशवासियों को यह विश्वास होता है कि हमारे पास 'ब्रह्मोस' जैसा हथियार है, तो यह उन्हें सुरक्षा का भरोसा देता है। उन्होंने कहा, ''इसमें (मिसाइल) एक ओर परंपरागत चीज है तो दूसरी ओर आधुनिक सिस्टम है। यह लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम है। यह वायुसेना, नौसेना और थलसेना-तीनों ही सेनाओं का भरोसा है। यह एक स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सपनों को साकार करने की ताकत रखता है।''

### पूरे एनसीआर में बढ़ रहा प्रदूषण, आगे गंभीर स्थिति

# दिवाली से पहले ही जहरीली हुई दिल्ली की हवा, एक्यूआई पहुंचा 350 के पार

**नई दिल्ली।** दिवाली से दो दिन पहले ही राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण बढ़ने लगा है। शनिवार को कई इलाकों में एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 350 से पार पहुंच गया। पूरे एनसीआर में धुंध सी छाई रही। वाहनों चालकों भी परेशानी उठानी पड़ी। सीपीसीबी के मुताबिक शनिवार सुबह 8 बजे एक्यूआई 367 दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा एक्यूआई 370 आनंद विहार में रहा, वजीरपुर में 328, जहांगीरपुरी में 324 और अक्षरधाम में 369 रहा। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने के साथ-साथ प्रदूषण और गंभीर रूप धारण करेगा। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप-I) लागू किया है। आयोग ने यह कार्रवाई क्षेत्र में एक्यूआई के 211 तक पहुंचने के बाद की गई।

**ग्रैप-1 की पाबंदियां लागू**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 211 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। गंभीर स्थिति को देखते हुए, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप-समिति ने तुरंत ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के पहले चरण को लागू करने का फैसला किया। लोगों से अपील की गई है कि वे पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा इस्तेमाल करें। इसके साथ ही हरियाणा के बहादुरगढ़ में भी ग्रैप -1 की पाबंधियां लागू कर दी गई हैं।

**कृत्रिम बारिश की तैयारी**



**सभी तैयारियां पूरी :** तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि दिल्ली में क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। सिरसा ने कहा चुनिंदा इलाकों में दिवाली के एक दिन बाद कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है। मौसम विभाग अगले 2-3 दिनों में जब हरी झंडी देगा।

### दोपहर ढाई बजे हादसा, दिल्ली से उड़ानें डायवर्ट

# ढाका एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल में लगी आग...


एजेंसी ▶▶| ढाका

राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल में शनिवार को भीषण आग लग गई, जिससे पूरा एरिया और वहां रखा सामान जलकर खाक हो गया। हादसे के कारण एयरपोर्ट से सभी उड़ानें स्थगित कर दी गई हैं। भीषण आग की वजह से जहरीली गैस फैलने का खतरा बताया जा रहा है। अभी तक हादसे की वजह पता नहीं चल सकी है। दिल्ली से ढाका जा रही फ्लाइट का रूट चेंज कर कोलकाता भेज दिया गया। फायर सर्विस ने बताया कि आग एयरपोर्ट के गेट नंबर 8 के पास कार्गो विलेज में दोपहर 2:30 बजे के आसपास शुरू हुई। अभी तक किसी की जान नहीं गई है, लेकिन माल ढुलाई का बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

**पूरा एरिया 'खाक'**

जहरीली गैस फैलने का खतरा सभी उड़ानें स्थगित

आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला



### दिल्ली वाली उड़ान को कोलकाता भेजा

बाटिक एयर की कुआलालंपुर जाने वाली और इंडिगो की मुंबई जाने वाली उड़ानें फिलहाल रनवे पर रुकी हुई हैं। बैंकॉक से आई यूएस-बांग्ला और शारजाह से आई एयर अरेबिया की उड़ानों को ढाका के बजाए चटगांव में उतारा गया है। इंडिगो की दिल्ली वाली उड़ान को कोलकाता भेज दिया गया है। कैथे पैसिफिक की हांगकांग वाली उड़ान हवा में ही चक्कर काट रही है और अभी उतर नहीं पा रही है। सैदपुर और चटगांव से आने वाली घरेलू उड़ानों को ढाका में उतारने के बजाय वापस चटगांव भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### आदि कैलाश पर इस वर्ष रिकॉर्ड 31,187 श्रद्धालु

**पिथौरागढ़ (भाषा)।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र में स्थित व्यास घाटी के उच्च हिमालयी क्षेत्र में भगवान शिव के पवित्र धाम आदि कैलाश की इस वर्ष अब तक सर्वाधिक 31,187 श्रद्धालु यात्रा कर चुके हैं। यात्रा के नोडल अधिकारी एवं धारचूला के उप-जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष 29,352 श्रद्धालुओं ने आदि कैलाश यात्रा की थी। उन्होंने कहा, ''अक्टूबर 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के बाद यात्रा को बड़ा प्रोत्साहन मिला और उसी वर्ष 10,023 तीर्थयात्री आदि कैलाश के दर्शन को पहुंचे थे।' *एजेंसी*

### ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट स्थित सांसदों के फ्लैट्स में आग



**नई दिल्ली।** यहां केविशंभर दास रोड स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर आग लग गई, यहां पर सांसदों के आवास हैं। आग पार्किंग में रखे कबाड़ में लगी जो सातवीं आठवीं मंजिल तक पहुंच गई, फिलहाल तीन लोगों के आग में झुलसने का पता चला है और तीन लोगों को ही बचाने की बात कही जा रही है। *एजेंसी*

# अमृतसर से बिहार जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस में भीषण आग



- सरहिंद जंक्शन के आउटर पर हादसा, एक महिला झुलसी, गंभीर
- आग लगते ही एक यात्री ने चेन खींची, यात्री दौड़ कर ट्रेन से बाहर निकले
- तीन कोच व जनरेटर कार को अलग कर ट्रेन को सरहिंद से रवाना किया

### बाल-बाल बचे 125 यात्री

**फतेहगढ़ साहिब (एजेंसी)।** शनिवार सुबह करीब सवा सात बजे अमृतसर से सहरसा जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस में आग लग गई। ट्रेन के तीन जनरल एसी कोच आग की चपेट में आ गए। जिनमें 125 यात्री सवार थे। हादसा सरहिंद जंक्शन के आउटर पर हुआ। हादसे में बिहार की रहने वाली जीरा देवी गंभीर रूप से झुलस गई। ट्रेन सुबह 7 बजकर 22 मिनट पर सरहिंद रेलवे जंक्शन से क्रॉस हो रही थी, जिस समय उसके कोच संख्या 19 से धुंआ निकलता देखा गया। जिसके बाद तुरंत ट्रेन को सरहिंद जंक्शन के आउटर पर ब्राह्मण माजरा फ्लाई ओवर के नीचे रोक दिया गया। तब तक कोच संख्या 19 में लगी आग से कोच नंबर 18 और 20 भी आंशिक रुप से चपेट में आ गए थे। ट्रेन रोकने के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ट्रेन में आग की सूचना मिलते ही अंबाला डिवीजन के डीआरएम विनोद भाटिया मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक तौर पर सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

### दो गुटों के बीच झड़प


## गुजरात के साबरकांठा में हिंसा, कई घरों में तोड़फोड़

**साबरकांठा (एजेंसी)।** गुजरात में साबरकांठा के माजरा गांव में शुक्रवार रात दो गुटों के बीच हिंसा हुई। हिंसा में करीब 10 लोग घायल हुए हैं। इस दौरान 30 वाहनों में आग लगा दी गई और कई घरों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने अब तक 20 लोगों को हिरासत में लिया है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च भी निकाला। साबरकांठा के डीएसपी अतुल पटेल ने बताया, माजरा गांव में रात लगभग 10:30 बजे दो समूहों के बीच पथराव और आगजनी की घटना हुई। करीब 110 से 120 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हिंसा की वजह वजह पुरानी दुश्मनी बताई जा रही है।

**वाहन जलाए, 20 आरोपियों को हिरासत में लिया**

### करीब 300 साल पुराना

## दो करोड़ से सजा देश का इकलौता महालक्ष्मी मंदिर



**रतलाम (एजेंसी)।** रतलाम में मां महालक्ष्मी का मंदिर सज चुका है। सजावट फूलों से नहीं, हीरे, जवाहरात और नोटों से हुई है। मंदिर की हर लड़ में नोट लगे हैं। किसी में 10 तो किसी में 500 रुपये नजर आ रहे हैं। इस अद्भुत सज्जा के लिए भक्तों ने अपनी तिजोरी खोल दी हैं। मंदिर में अर्पित नकदी-आभूषण को दीपोत्सव के पांच दिन के बाद समिति प्रसादी के रूप में भक्तों को लौटाएगी। मंदिर की सजाने की सालों पुरानी परंपरा के तहत इस साल 2 करोड़ रुपये से मंदिर को सजाया गया है।

### दिल्ली हाईकोर्ट का एक्शन

## केंद्र को फटकार, तथ्य छुपाने पर 20 हजार ठोका जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आईआरएस अधिकारी और पूर्व एनसीबी जोनल निदेशक समीर वानखेड़े की पदोन्नति से जुड़े एक मामले में केंद्र को फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने संबंधित आदेश की समीक्षा की मांग वाली याचिका में कुछ अहम तथ्य को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने पाया कि केंद्र सरकार ने सीएटी के आदेश के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां छिपाईं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती थी। बेंच ने केंद्र की उस पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी) के वानखेड़े को पदोन्नति देने के आदेश की समीक्षा की मांग की गई थी।

**समीर वानखेड़े की पदोन्नति से जुड़े मामले में सुनवाई**






### दिल्ली हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला : यह सक्षम लोगों को अमीर बनाने का साधन नहीं

*भत्ता मांगने वाले को साबित करना होगा कि आर्थिक मदद की जरूरत है*

# अगर पत्नी खर्च उठाने 'लायक' हो तो गुजारा भत्ता क्यों दिया जाए

*हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी रेलवे में ग्रुप एक अधिकारी हैं। पर्याप्त पैसा कमाती हैं। ऐसे में महिला की स्थायी गुजारा भत्ता की मांग को सही नहीं ठहराया जा सकता।*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा- आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सक्षम जीवनसाथी को गुजारा भत्ता (एलिमनी) नहीं दिया सकता। स्थायी गुजारा भत्ता सामाजिक न्याय का एक जरिया (टूल) है। सक्षम लोगों को अमीर बनाने या उनकी आर्थिक बराबरी करने का साधन नहीं है। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की डिवीजन बेंच ने कहा- गुजारा भत्ता मांगने वाले को यह साबित करना होगा कि उसे वास्तव में आर्थिक मदद की जरूरत है। इस मामले में पत्नी रेलवे में ग्रुप एक अधिकारी हैं। पर्याप्त पैसा कमाती हैं। हाईकोर्ट ने ये बातें एक महिला की स्थायी गुजारा भत्ता की मांग को खारिज करते हुए कही। दरअसल, महिला ने पति को क्रूरता के आधार पर तलाक दिया गया था, फिर मामले में फैमिली कोर्ट ने आदेश में पत्नी को स्थायी गुजारा भत्ता देने से मना किया गया था।




**शादी के 14 महीने बाद ही अलग हो गए थे पति और पत्नी**

### पति वकील और पत्नी रेलवे में अधिकारी

पति पेशे से वकील और पत्नी रेलवे की अधिकारी हैं। जनवरी 2010 में शादी की और 14 महीनों बाद अलग हो गए थे। पति ने पत्नी पर मानसिक और शारीरिक क्रूरता, गाली-गलौज, अपमानजनक टेक्स्ट मैसेज भेजने और सोशल गैदरिंग में अपमान करने का आरोप लगाया था। हालांकि, पत्नी ने इन आरोपों से इनकार करते हुए पति पर ही क्रूरता का आरोप लगाया था।

### पत्नी ने तलाक के लिए 50 लाख रुपये की मांग की

फैमिली कोर्ट में शादी को खत्म करने पर फैसला हुआ। पत्नी ने तलाक के लिए 50 लाख रुपए की मांग की थी। अब मामले में हाईकोर्ट ने पाया कि फैमिली कोर्ट का यह निष्कर्ष कि पत्नी की मांग में आर्थिक दृष्टिकोण था, सही और तर्कसंगत था। कोर्ट ने यह भी कहा कि पत्नी ने पति और उनके माता-पिता के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया, जो मानसिक क्रूरता के बराबर था। अंत में हाईकोर्ट ने स्थायी गुजारा भत्ता देने से इनकार किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिहार के कटिहार में चुनावी रैली को संबोधित किया

# बिहार में फिर से जंगलराज लाना चाहते हैं आरजेडी और कांग्रेस

एनडीए सरकार ने विकास, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाया : मुख्यमंत्री

## विकास और सुशासन की राह पर बिहार : नायब सैनी



उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया है। आज बिहार में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंची है।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा–जदयू गठबंधन सरकार ने बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं।



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बिहार अब विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता का विश्वास एनडीए सरकार में और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में पुनः एनडीए की सशक्त, स्थिर और सुशासित सरकार का गठन होगा, जिससे प्रदेश तीव्र गति से विकास एवं समृद्धि के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने बिहार के दौरे पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बिहार ने विकास की नई दिशा प्राप्त की है। यहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आरजेडी–कांग्रेस गठबंधन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों के हितों की अनदेखी की और बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने झूठे वादों से सत्ता हासिल की और जनता को गुमराह किया।

### मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के अन्य दिग्गज नेता बिहार में करेंगे प्रचार, लगी ड्यूटी

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा के कई सियासी दिग्गज नेता और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चुनाव प्रचार के लिए बिहार मैदान में डट गए हैं। सैनी ने शनिवार को बिहार में कई स्थानों पर रैलियों को संबोधित किया है। प्रमुख नेताओं को बिहार चुनाव में प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, उद्योग मंत्री राव नरवीर सिंह सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर, राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, बडखल के विधायक धनेश अदलखा, गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा की भी चुनाव ड्यूटी लगाई गई है। पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक सतीश फगाना, पूर्व मंत्री असीम गोयल, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व मंत्री डा. अभय सिंह यादव, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, भाजपा नेता रावे वतान और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता का नाम शामिल शामिल है।

### मुख्यमंत्री सैनी ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की



### दोनों नेताओं ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर की चर्चा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिहार के पटना में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की है। इस दौरान उन्होंने शाह से बिहार चुनाव सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद किया और उन्हें धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के समक्ष हरियाणा में लगातार तीसरी बार बनी बीजेपी सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों का ब्योरा भी दिया।

## खबर संक्षेप

### विरेन्द्र कुमार विस में जनसंपर्क अधिकारी बने



**चंडीगढ़।** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने विरेन्द्र कुमार को हरियाणा विधानसभा में पब्लिक रिलेशन आफिसर नियुक्त किया है। संधोली के रहने वाले विरेन्द्र कुमार 2005 से हरियाणा विधान सभा सचिवालय मे अपनी सेवाएं दे रहे है।

### अवैध शराब की खेप के साथ दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने अवैध शराब तस्करी में कपिल व जयपाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 16 अक्टूबर को क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने आरोपी कपिल व जयपाल निवासी गांव अनंगपुर फरीदाबाद को सुरजकुण्ड गोल चक्कर के पास से काबू किया है। आरोपियों से मौके पर आई-10 गाड़ी से 35 पेटी देसी, 8 पेटी अंग्रेजी शराब व 5 पेटी बीयर बरामद हुई है।

### मूलचंद शर्मा के आवास पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री

**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल देर रात्रि सेक्टर-10 में बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा के निवास पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर पंडित मूलचंद शर्मा ने अपने पांचों भाइयों के साथ उनका गर्म जोशी से स्वागत किया।

कृषि एवं किसान कल्याण राणा ने ली अधिकारियों की बैठक

## गन्ने का उत्पादन बढ़ाने के लिए बुआई की नई तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गन्ने की पैदावार को बढ़ाने पर अधिक बल देने के साथ-साथ किसानों को गन्ने की बुआई के लिए नई तकनीक का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाए। साथ ही सहकारी चीनी मिलों को आधुनिक मशीनों से लैस कर, उनकी रिकवरी बढ़ाने व घाटे को कम किया जाए। राणा ने यह निर्देश शनिवार को यहां गन्ना नियंत्रण बोर्ड की बैठक में अधिकारियों दिए। इस दौरान हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

### केन्द्रीय किस्म विमोचन समिति द्वारा गन्ने की रिलीज किस्मों के लिए अलग से नहीं लेनी होगी मान्यता : राणा



उन्होंने कहा कि केन्द्रीय किस्म विमोचन समिति द्वारा उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लिए गन्ने के बीज की जो किस्में रिलीज की जाएगी, वह किस्में राज्य सरकार द्वारा भी मान्य होगी। इन किस्मों के लिए अलग से एचएयू से मान्यता लेने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ना के नए किस्मों के बीज के बारे में जानकारी दी जाए, ताकि गन्ने की पैदावार अधिक निकले और किसानों को अधिक लाभ मिले। जिससे मिलों की वर्तमान गन्ना किस्मों की तुलना में गन्ना व चीनी उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

### प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से त्रस्त : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने प्रदेश की भाजपा की सरकार के एक साल घणा कमाल पर कहा कि यह एक साल हरियाणा की जनता के लिए महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का साल साबित हुआ है। मुख्यमंत्री भाजपा नेतृत्व के दावे केवल कागजों और विज्ञापनों में दिखाई देते हैं, जबकि जमीनी सच्चाई इससे कोसों दूर है। जश्न मनाने की बजाय सरकार को चाहिए कि वह जनता को मूलभूत सुविधाएं पानी, सड़क, सफाई और सुरक्षा प्रदान करे। सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश के हालात काफी भयावह बने हुए है, प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। प्रदेश में गुंडाराज है और चहुं ओर भय का माहौल है। व्यापारियों से रंगदारी मांगी जा रही है, हत्याओं की घटनाएं बढ़ी हैं और पुलिस व्यवस्था जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतर रही। आए दिन सरेआम हत्याएं हो रही है, रंगदारी न देने वालों पर फायरिंग की जा रही है। पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी है।



## एडीजीपी सुसाइड मामला : एसआईटी को मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट, आंतरिक अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या मामले पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में बड़ा खुलासा हुआ है। पीजीआई चंडीगढ़ की ओर से गठित एसआईटी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सौंपी दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि गोली लगने से आईपीएस अधिकारी के आंतरिक अंग बुरी तरह से फट गए थे, जिसके कारण नाक, कान और मुंह से बहुत ज्यादा खून बहने के कारण उनकी मौत हुई।

### पीजीआई में हुआ था पोस्टमार्टम

*यहां पर उल्लेखनीय है कि हरियाणा कैडर के आईपीएस अफसर ने 7 अक्टूबर की सुबह चंडीगढ़ सेक्टर 11 स्थित कोठी की बेसमेंट में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मौके से एक पिस्टल, एक सुसाइड नोट और एक वीडियो मैसेज बरामद किया था। यह मामला अब भी रहस्यों से घिरा हुआ है, क्योंकि अफसर ने आत्महत्या से पहले कुछ अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे।यहां पर यह भी बता दें कि उनका पोस्टमॉर्टम 15 अक्टूबर की सुबह पीजीआई में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में किया गया और क्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई थी।*

## राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में दो माह तक होंगे कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 2 महीने तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इसके उपरांत 31 दिसंबर तक राष्ट्रीय एकता से जुड़े अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी शनिवार को करनाल कर्णकमल कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान दी।केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 25, 26 और 27 अक्टूबर को गांवों और शहरों में पदयात्रा निकाली जाएगी। इस 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोग व युवा शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर रन फॉर यूनिटी आयोजित किया जाएगा।

डीजीपी की पुलिसकर्मियों को तीसरी चिट्ठी

## भीड़ और उपद्रवी भीड़ के बीच का अंतर बताया, लिखा- लाठी अंग्रेजों की भाषा थी

**चंडीगढ़।** प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को तीसरी चिट्ठी जारी की है। इस चिट्ठी में उन्होंने 'क्राउड' (भीड़) और 'मॉब' (उपद्रवी भीड़) के बीच का अंतर स्पष्ट किया है। डीजीपी की इस चिट्ठी का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को भीड़ और उपद्रवी भीड़ के बीच अंतर समझाना और उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान उचित कार्रवाई करने के लिए मार्गदर्शन करना है। इस चिट्ठी में शेर भी लिखा है। डीजीपी ने विधि-व्यवस्था के संचालन में लगे पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को लिखा है कि भारत में बहु-पार्टी लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था है। स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के माध्यम से चुने गए प्रतिनिधि सत्ता पक्ष और विपक्ष के रूप में जनता की जरूरतों और दिक्कतों को विभिन्न माध्यमों से प्रकट करते हैं।

### अहिंसक धरना, प्रदर्शन, जुलूस व रोष मार्च प्रजातंत्र की व्यवस्था

डीजीपी ने चिट्ठी में लिखा है कि मैं चाहूंगा कि आप समझें कि अहिंसक धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रोष मार्च इत्यादि प्रजातंत्र की व्यवस्था हैं। लाठी-डंडा अंग्रेजों की भाषा थी। निरंकुश तंत्र था। शोषण में जुटे थे। लोगों के समूह को ख़तरनाक समझते थे। सबक़ सिखाने के लिए जलियांवाला बाग कांड तक कर गए। कार्यों का उद्देश्य हमेशा जन-कल्याण होता है।युवा-बहुल स्वतंत्र भारत में बात-बात पर बल-प्रयोग कोई बुद्धि की बात नहीं है। ये हमारे नागरिक हैं। इन्हें नियम के अनुसार चलने के प्रेरित-प्रशिक्षित करना हमारा ही काम है। तीसरी चिट्ठी में लिखा है कि अच्छा होगा कि आप खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से नियमित 'क्राउड-होस्टिंग' करें।



हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने वार्षिक रिपोर्ट सीएम को भेंट की

## मानव अधिकारों के संरक्षण व संवर्धन में सरकार पूरा सहयोग करेगी : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने शिष्टाचार मुलाकात करते हुए आयोग की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 की प्रति भेंट की है। इस दौरान आयोग के सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया भी मौजूद रहे। आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पुष्पगुच्छ और शॉल भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान हरियाणा मानव अधिकार आयोग द्वारा तेजी से न्याय सुनिश्चित करने के किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आयोग की कार्यप्रणाली, उसकी चुनौतियों एवं आवश्यकताओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार, मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आयोग को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

### आयोग ने दी कार्यों की जानकारी



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आयोग द्वारा प्रदेश के अन्य जिलों में प्रवास करने बारे भी जानकारी ली। जिस पर आयोग सदस्यों ने बताया कि प्रयास पूर्वक हर महीने एक जेल का निरीक्षण तथा बच्चों और बुजुर्गों के लिए कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं के निरीक्षण की प्रक्रिया करते है। मुख्यमंत्री ने आयोग के अध्यक्ष से भी महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान नवंबर 2024 में पुनर्गठन के बाद से अब तक की उपलब्धियों और कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई।


## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला की ओर से (on behalf of the President of India) से निविदाएं ई नीलामी के माध्यम से–आमंत्रित की जाती हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित है

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | नीलामी काटलोग सं. | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर कुल 8'x8' क्षेत्रफल का ट्रैवल हेल्प डेस्क स्थापित किया जाना है। (साइट प्लान के अनुसार | MSS-UMB-PTA-THDPK-41-25-1 (Misc-Static-Services -Travel Help Desk/Travelers Information and Promotional Kiosk) | 23-10-25 12:00:00 |
| 2. | अंबाला मंडल के अंतर्गत ग्यारह (11) मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के आरक्षित डिब्बों में विज्ञापनों सहित लिनेन कवर की खरीद एवं आपूर्ति हेतु अनुबंध। | HyB-OnB-110173-25-1 (Hybrid NFR - On-board Hybrid) | 23-10-25 12:00:00 |
| 3. | शिमला रेलवे स्टेशन पर कुल 144 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन अनुबंध। | PnU-UMB-SML-WRL-49-23-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 4. | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर कुल 20.78 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-BTI-WRL-66-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 5. | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर x4 मीटर अर्थात् कुल 12 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-RPJ-WRL-59-25-2 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 6. | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर x 5.37 मीटर अर्थात् कुल 16.11 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-SIR-WRL-60-25-2 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 7. | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 12 फीट x 12 फीट अर्थात् कुल 144 वर्ग फुट (13.38 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-UMB-WRL-47-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 8. | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल 20.44 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-SRE-WRL-44-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 9. | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु इंक्वायरी के नजदीक 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | ATM-UMB-YJUD-Gen-38-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 10. | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर SSE सिग्नल ऑफिस के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SIR-Gen-20-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 11. | अम्ब अंदोरा रेलवे स्टेशन पर 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-AADR-Gen-25-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 12. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एग्जिट गेट के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-ANSB-Gen-21-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 13. | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-MET-Gen-29-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 14. | संगरूर रेलवे स्टेशन पर RPF पोस्ट (DUI छोर) के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SAG-Gen-37-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 15. | संगरूर रेलवे स्टेशन पर नए स्टेशन भवन (JHL छोर) के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SAG-Gen-26-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 16. | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-UBC-Gen-35-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 17. | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर पंप हाउस के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-NLDM-Gen-24-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 18. | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर UTS/PRS हॉल के बाहर स्थान–A (साइट–2) में एटीएम की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-RPJ-Gen-41-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 19. | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-UBC-Gen-36-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 20. | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-MET-Gen-30-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 21. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एग्जिट गेट के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-ANSB-Gen-22-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 22. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र के पास एटीएम की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-PTA-Gen-28-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 23. | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर SSE सिग्नल ऑफिस के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SIR-Gen-19-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 24. | रूप नगर रेलवे स्टेशन पर 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-RPAR-Gen-23-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 25. | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर UTS/PRS हॉल के बाहर स्थान–A (साइट–1) में एटीएम की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-RPJ-Gen-40-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 26. | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एंट्री गेट के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-UMB-Gen-33-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 27. | ट्रेन संख्या 52457/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-240044-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 28. | ट्रेन संख्या 52455/56 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-239887-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 29. | ट्रेन संख्या 52451/52 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-98543-2-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 30. | ट्रेन संख्या 52453/54 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-273108-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 31. | ट्रेन संख्या 52459/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-132321-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 32. | ट्रेन संख्या 20493/94 (CDG-MDU एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVT-EFF-250749-1-25-1 (Advertising - Train Exterior (Full Face) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 33. | ट्रेन संख्या 14523/24 (UMB-BJU एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVF-EFF-137547-7-25-1 {Advertising – Train Exterior (Full Face)} | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 34. | ट्रेन संख्या 14525/26 (UMB-SGNR एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVF-EFF-100891-5-25-1 {Advertising – Train Exterior (Full Face)} | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 35. | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 345 वर्ग फुट क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) की स्थापना, संचालन और रखरखाव। | MSS-UMB-UMB-MedStn.-39-25-1 (Misc.-Static-Services-Medical Facilities at Station) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 36. | ट्रेन संख्या 12045/46 चंडीगढ़–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के सभी एक्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार क्लास कोचों के सभी सीटों पर हेडरेस्ट कवर के प्रावधान के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (संबद्ध कोच संरचना के अनुसार)। | MMS-HRC-202686-1-25-1 (Head Rest Covers Advertisement in Trains) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 37. | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से कुल 6 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-RPAR-OH-315-25-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 38. | शिमला रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए 5 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 1028 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-SML-OH-306-24-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 39. | अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए 12 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-AADR-OH-316-25-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 40. | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन पर 360 वर्ग फुट क्षेत्र में वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान (गैर–डिजिटल) | ADVT-UMB-UHL-OSN-151-22-2 (Advertising-On station premises-Non Digital) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 41. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन के लिए कुल 13 स्थल यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 1872 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-ANSB-OH-318-25-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 42. | नंगलडेम रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए 8 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 576 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-NLDM-OH-317-25-2 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 43. | सहारनपुर स्टेशन के यूटीएस हॉल के ऊपर 30'x5' आकार का एकल–पक्षीय डिजिटल मीडिया विज्ञापन स्थल, जिसका कुल क्षेत्रफल 150 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-SRE-OSD-311-24-1 {Advertising- On station premises (Digital)} | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 44. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12'x12' कुल क्षेत्रफल का हेल्थ एटीएम कियोस्क स्थापित करना | MSS-UMB-PTA-HlthK-33-25-2 | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 45. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 10'x12' क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक आराम कुर्सियों की स्थापना और संचालन (भुगतान आधारित) | MSS-UMB-PTA-MaChr-34-25-1 | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 46. | बठिंडा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 5, 6 और 7 पर 1014 वर्ग फुट क्षेत्र में गैर–डिजिटल वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVT-UMB-BTI-OSN-314- 25-1 (Advertising-On station premises-Non Digital) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 47. | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन के परिसंचरण क्षेत्र में समग्र पार्किंग के लिए आवंटन, जिसका कुल क्षेत्रफल 2610.22 वर्ग मीटर है | PARKING-UMB-YJUD-MX-7-25-1 (Parking Mixed) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 48. | अंबाला मंडल के चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश (पंचकूला पक्ष) पर ई–रिक्शा/तीन पहिया (786 वर्ग मीटर), टैक्सी (1651 वर्ग मीटर), दोपहिया पार्किंग (1744 वर्ग मीटर), चार पहिया पार्किंग (7145 वर्ग मीटर) के लिए समग्र पार्किंग और एक्सेस नियंत्रण अधिकार का आवंटन, कुल पार्किंग क्षेत्रफल 11,326 वर्ग मीटर | PARKING-UMB-CDG-AC112-25-1 (Access Control) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 49. | अम्ब अंदोरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर 10' x 6' आकार के जनरल माइनर केटरिंग यूनिट (GMU) स्टॉल संख्या 02 का आवंटन। | Catg-UMB-AADR-GMU-170-25-1 (Catering - General Minor Unit (GMU)) | 03-11-25 15:00:00 |
| 50. | राजपुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या पर 10' x 6' आकार के स्पेशल माइनर केटरिंग यूनिट (SMU) स्टॉल संख्या 1 का आवंटन। | Catg-UMB-RPJ-SMU-173-25-1 (Catering - Special Minor Unit (SMU)) | 03-11-25 15:00:00 |
| 51. | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर 10' x 6' आकार के माइनर केटरिंग यूनिट (SMU) स्टॉल संख्या 2 का आवंटन। | Catg-UMB-MET-SMU-171-25-1 (Catering - Special Minor Unit (SMU)) | 03-11-25 15:00:00 |
| 52. | धुरी जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर पे एंड यूज टॉयलेट अनुबंध के 02 स्थलों के संचालन और प्रबंधन। | PnU-UMB-DUI-Toi-58-25-1 (Pay and Use - Toilets) | 03-11-25 15:00:00 |
| 53. | कालका रेलवे स्टेशन (पावर केबिन बिल्डिंग के पीछे) पर तीन वर्षों की अवधि हेतु सामान्य पे एंड यूज टॉयलेट के संचालन और रखरखाव (O&M) अनुबंध के लिए | PnU-UMB-KLK-Toi-11-22-3 (Pay and Use - Toilets) | 03-11-25 15:00:00 |
| 54. | पटियाला रैलवे स्टेशन पर कुल 6'x6' क्षेत्रफल वाले मोबाइल और एक्सेसरीज कियोस्क की स्थापना। (साइट प्लान के अनुसार) | MSS-UMB-PTA-MobStore 37-25-1 (Misc-Static-Services - Mobiles and accessories Kiosk) | 03-11-25 15:00:00 |

ई नीलामी लीजिंग प्रक्रिया से संबंधित किसी अन्य जानकारी के लिए–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने या ई–www.ireps.gov.in पर जायें। 3241/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### जींद में पराली जलाने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव खरडवाल में पराली के अवशेष जलाने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने कृषि विभाग के एसडीओ की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ पल्यूशन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कृषि विभाग के एसडीओ राजेश ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की पराली के अवशेष जलाने पर सरकार ने कानून रोक लगाई हुई। बावजूद इसके गांव खरडवाल निवासी हवा सिह ने पराली के अवशेषों को जलाया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर हवा सिंह के खिलाफ पल्यूशन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किसान की करंट लगने से मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव गांव लुहारी में शनिवार को खेत में काम करते समय एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बलवान सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। बलवान की मौत से गांव में शोक छाया हुआ है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इधर, पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में परिजन ने विद्युत करंट से मौत लगना बताया है। इसके अलावा आगे की जांच चल रही है।

### सरकारी पैसे के गबन में आरोपी महिला गिरफ्तार

**हिसार।** सरकारी पैसे के गबन मामले में कार्रवाई करते हुए सिविल लाइन पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि उक्त महिला पर पहले भी दो लाख रुपए सरकारी पैसे के गबन का आरोप है। एएसआई संजय कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग, हरियाणा, हिसार द्वितीय द्वारा थाना सिविल लाइन में दी गई शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन हिसार में 6 सितंबर को केस दर्ज किया गया था।

### फर्नीचर बेचने के नाम पर पुलिस कर्मी से ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में फर्नीचर बेचने के नाम पर जालसाज ने एक पुलिसकर्मी से 90 हजार रुपये की ठगी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में रोहतक के बहु अकबरपुर गांव निवासी हरदीप ने बताया कि वह फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच में तैनात है। 11 सितंबर को उनके जानकार डीएसपी राहुल देव के फेसबुक से मैसेज आया कि उनके एकदोस्त जो सीआरपीएफ दिल्ली में ऑफिसर हैं, उनका तबादला होना है। वह अपना फर्नीचर बेचना चाहते हैं।

### 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर की आत्महत्या

**फरीदाबाद।** गांव सीकरी स्थित अवदित्य सोसाइटी के 14वें फ्लोर पर बने टेरिस से कूदकर प्रॉपर्टी डीलर ने आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने अपने पार्टनर पर 8 करोड़ रुपए और कई अन्य लोगों पर कई लाख रुपए गबन करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया गया है।

---

**गमगीन माहौल में अंतिम विदाई : कैथल पंचायत सदस्य की रूस में ब्लास्ट में मौत**

# जाना था जर्मनी, पहुंचा गया रूस अब डेढ़ महीने बाद घर आया शव

**एजेंट ने 8 लाख रुपये लेकर उसे जर्मनी भेजने का वादा किया था**

*जर्मनी भेजने का भरोसा दिलाकर एजेंट ने युवक को धोखे से रूस भेज दिया, वहां उसे रूस की सेना में भर्ती कर दिया गया। युद्ध के दौरान 6 सितंबर को बम विस्फोट में उसकी मौत हो गई। करीब डेढ़ महीने बाद शुक्रवार पार्थिव शरीर गांव पहुंची।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन

कैथल जिले के थाना सीवन क्षेत्र के गांव जनेदपुर का 22 वर्षीय युवक कर्मचंद विदेश जाने के सपने में ऐसा उलझा कि उसकी जिंदगी की डोर रूस-यूक्रेन युद्ध की आग में टूट गई। जर्मनी भेजने का भरोसा दिलाकर एक एजेंट ने उसे धोखे से रूस भेज दिया, वहां उसे रूस की सेना में भर्ती कर दिया गया। युद्ध के दौरान 6 सितंबर को बम विस्फोट में उसकी मौत हो गई। करीब डेढ़ महीने बाद शुक्रवार देर रात उसका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में मातम छा गया। परिजनों के अनुसार कर्मचंद 7 जुलाई को एजेंट के जरिए विदेश गया था। एजेंट ने 8 लाख रुपये लेकर उसे जर्मनी भेजने का वादा किया था। जर्मनी की जगह रूस पहुंचा दिया और वहां एजेंट के संपर्कों से उसे रूस की सेना में भर्ती करवा दिया गया। मात्र कुछ ही हफ्तों में उसे युद्ध क्षेत्र में भेज दिया गया, जहां 6 सितंबर को बम गिरने से उसकी मौत हो गई।



**सीवन।** गांव जनेदपुर में कर्मचंद के अंतिम संस्कार में पहुंचे ग्रामीण फोटो : हरिभूमि

#### विदेश में भी लड़ा, शहीद का दर्जा मिले

कर्मचंद के पिता देशराज और माता सुनीता का कहना है कि उनका बेटा भारतीय सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहता था, लेकिन चयन न हो पाने पर उसने विदेश में जाकर वही सपना पूरा करने की ठानी। उन्होंने सरकार से मांग की कि युद्ध में मारे गए कर्मचंद को शहीद का दर्जा दिया जाए और परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही उन्होंने बेटी को सरकारी नौकरी देने की भी गुहार लगाई।

#### टेलीग्राम से मिली मौत की खबर

परिवार को कर्मचंद की मौत की जानकारी 13 दिन बाद 19 सितंबर को मिली, जब रूस की सेना में उसके साथ कार्यरत एक अन्य सैनिक ने टेलीग्राम ऐप के माध्यम से उसके चचेरे भाई को सूचना दी। इसके बाद परिवार ने स्थानीय प्रशासन और विदेश मंत्रालय के माध्यम से संपर्क साधा। लम्बी कागजी प्रक्रिया के बाद 17 अक्टूबर को कर्मचंद का पार्थिव शरीर भारत लौटा। शनिवार सुबह जब कर्मचंद का पार्थिव शरीर जनेदपुर गांव पहुंचा, तो माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों, परिजनों और दोस्तों की आंखें नम थीं।

#### एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवार का आरोप है कि एजेंट ने जर्मनी भेजने के नाम पर धोखा देकर उनके बेटे को रूस भेजा, जिससे उसकी जान चली गई। परिजनों का कहना है एजेंट के कारण बेटा तो मर गया। लेकिन भविष्य में किसी के साथ ऐसी घटना न हो इसके लिए सख्त कार्रवाई हो चाहिए।

#### गांव में पसरा सन्नाटा

कर्मचंद के परिवार में माता-पिता और दो बहनें हैं। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है जबकि छोटी बहन अविवाहित है। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं और एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

---



**जींद-गोहाना मार्ग पर बड़ा हादसा**

# मजदूरों से भरा छोटा हाथी पलटा, दो की मौत, 18 घायल

**धान कटाई के लिए मजदूरी करने जा रहे थे बिहार के मृतक तथा घायल मजदूर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

गांव निडानी के निकट जींद-गोहाना मार्ग पर तेज रफ्तार छोटा हाथी के अनियंत्रित होकर पलटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। जबकि 18 के लगभग मजदूर आंशिक रूप से घायल हो गए। मृतक तथा घायल मजदूर बिहार के रहने वाले है। सदर थाना पुलिस ने मृत दोनों मजदूरों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव तेलवा जिला सितुहार बिहार निवासी मिथलेश (25), गांव रामदत्त सुपौल बिहार निवासी पीरवत समेत 20 मजदूर धान कटाई के जींद रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। सभी मजदूर रेलवे स्टेशन से गांव भावड़ जाने के लिए छोटा हाथी में रवाना हुए थे। जब वे गांव निडानी के निकट पहुंचे तो छोटा हाथी अनियंत्रित हो सड़क के किनारे पलट गया। जिसमें सभी मजदूर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मिथलेश तथा पीरवत को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य मजदूरों को प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक मिथलेश के पिता रामबहादुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 मजदूर बिहार से धान कटाई के लिए जींद पहुचे थे। उन्हें गांव भावड़ जाना था। जिसके लिए छोटा हाथी किराये पर लिया गया था। चालक लापरवाही से चला रहा था। उसे तेज स्पीड चलाने से रोका भी गया लेकिन वह नही माना। गांव निडानी के निकट छोटा हाथी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर पलट गया। जिसमें उसके बेटे समेत दो की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

**पिता बोले- हत्या कर शव फेंका गया**

# पानीपत में नहर में डूबा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



मृतक चिराग का फाइल फोटो।

पानीपत खन्ना चौक के वधावाराम कॉलोनी निवासी चिराग सहगल पुत्र रोशन लाल सहगल की नहर में डूबने से मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने नहर किनारे से चिराग की स्कूटी व कपडे बरामद किए है। इधर, पिता रोशन लाल ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या कर शव को नहर में फैंका गया है। पुलिस ने परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर हत्या की आशंका को ध्यान में रखकर जांच शुरू कर दी है।



#### पुलिस ने घटना स्थल पर किया निरीक्षण

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर हत्या की आशंका को ध्यान में रखकर जांच शुरू कर दी है। परिवार ने कहा कि आरोपियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल्स, सीसीटीवी फुटेज और आर्थिक लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है।

---

**पाक जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति की जमानत पर फैसला अब 23 को**



शनिवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने रखा फैसला सुरक्षित

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका पर पर अब 23 अक्टूबर को फैसला सुनाया जाएगा। शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत में इन कैमरा प्रोसिडिंग हुई जिससे यह नहीं पता चल पाया कि कोर्ट में क्या हुआ और आगे क्या होगा। अदालत ने वकीलों की दलील सुनने के बाद इस केस में फैसला सुनाने के लिए 23 अक्टूबर का दिन तय किया है। इससे पहले ज्योति का केस अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में ट्रांसफर हुआ था और 19 नवंबर को अगली सुनवाई के तारीख निर्धारित की थी। शुक्रवार को जब जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी।


---

**जैसलमेर नेशनल हाईवे पर कुंड बैरियर के निकट हादसा**

# डिवाइडर कूदकर ट्रक से टकराई थार, दो युवकों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर कुंड बैरियर के निकट एक तेज रफ्तार थार गाड़ी डिवाइडर कूदकर दूसरी लेन पर जा रहे ट्रक से टकरा गई। थार गाड़ी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार चालक सहित दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार की रात राजस्थान के चिड़ावा के गांव सेई निवासी लगभग 40 वर्षीय सरजीत और चेतन थार गाड़ी से रेवाड़ी की ओर जा रहे थे। काठूवास टोल प्लाजा पार करने के बाद थार गाड़ी संतुलन बिगड़ने के बाद डिवाइडर कूदकर दूसरी लेन पर जा रहे एक ट्रक से टकरा गई। इससे पहले डिवाइडर पर खड़े पोल को भी थार ने तोड़ दिया। हादसे में गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार दोनों युवक कार में फंस गए। आसपास के लोगों ने दोनों युवकों को गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच शुरू कर दी।



**रेवाड़ी।** दुर्घटना में खत्म हुई थार गाड़ी।

---

**नशे में कार चालक ने वाहनों को मारी टक्कर**

# हादसे में आठ जख्मी बच्चे की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर में शुक्रवार देर रात मानव चौक के पास नशे में धुत एक वाहन चालक ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ लोग घायल हो गए। घायलों को अंबाला शहर के नागिरक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। हादसे के दौरान कई लोगों को गंभीर चोटें आई। दुर्घटना मानव चौक के पास हुई, जब दलविंदर सिंह नामक एक ड्राइवर ने नशे की हालत में अपनी कार से नियंत्रण खो दिया। कई वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से 13 वर्षीय जश्न की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में रेफर किया गया है। शनिवार सुबह भी नागरिक अस्पताल में घायलों और उनके परिवारों का जमावड़ा लगा रहा। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। दो लोगों को फ्रैक्चर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं जबकि जश्न की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर दलविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर-9 थाना प्रभारी सुनीता ढाका ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

---

**पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया काबू**

# नशीला इंजेक्शन देकर हत्या के सनसनीखेज मामले में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव हिजरावां कलां में नशीला इंजेक्शन देकर एक युवक की हत्या करने के मामले का खुलासा करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता निर्मल सिंह, पुत्र काबिल सिंह, निवासी हिजरावां कलां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पुत्र जश्नप्रीत की हत्या नशीला इंजेक्शन देकर की गई है। इस गंभीर और संगीन मामले की जांच पुलिस ने तत्परता और गहनता से शुरू की, और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की गई। पुलिस ने अब इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मंगल उर्फ मंगी, पुत्र पहलवान निवासी हिजरावां कलां तथा लखबीर उर्फ काला, पुत्र बलकार सिंह, निवासी मुस्सेआली के रूप में हुई है।



इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक | India Post Payments Bank
[भारत सरकार का उपक्रम | A Govt. of India undertaking]
TRUSTED BY 12 CRORE ACCOUNT HOLDERS
भरोसेमंद बैंकिंग की नयी रोशनी आईपीपीबी के साथ!

आप सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएँ।
100% पेपरलेस डिजिटल बैंक
भारत में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी बी टी) में अग्रणी बैंक
विश्व के सबसे बड़े द्वार बैंकिंग सेवा प्रदाताओं में से एक - आपका बैंक, आपके द्वार
उपलब्ध आईपीपीबी बैंकिंग सेवाएं
खाता सेवाएँ - बचत बैंक खाता
आधार एटीएम - किसी भी बैंक से निकासी
बिल भुगतान - बिजली, गैस, पानी, मोबाइल, उपभोगता बिल आदि
बीमा - जीवन, स्वास्थ्य, दुर्घटना एवं मोटर बीमा
डाक योजनाओं का भुगतान - सुकन्या समृद्धि, आरडी, पीपीएफ, पीएलआई
अपने निकटतम डाकघर में जाएं /अपने डाकिए से संपर्क करें या 155299/ 033-2202 9000 पर कॉल करें | ईमेल - contact@ippbonline.in
@ippbonline India Post Payments Bank | www.ippbonline.bank.in
कृपया उत्पादों और सेवाओं के नियम और शर्तें www.ippbonline.bank.in पर पढ़ें या अधिक विवरण के लिए निकटतम आईपीपीबी बैंकिंग आउटलेट पर जाएं। नियम एवं शर्तें लागू।
QR स्कैन द्वारा आज ही अपना डिजिटल खाता खोलें
DIGI SMART SAVINGS BANK ACCOUNT

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने की पुष्टि चीन से बात करना पसंद, इसलिए हमारे संबंध बेहद मजबूत

# दक्षिण कोरिया में होने जा रहे एपीईसी समिट में जिनपिंग से होगी मुलाकात

*ट्रंप ने शी की प्रशंसा की और कहा, मैं उनके साथ बहुत अच्छा व्यवहार करता हूं, वह एक बहुत ही मजबूत नेता*

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन बातचीत करना चाहता है और हमें चीन से बात करना पसंद है। इसलिए हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और हम कुछ हफ्तों में दक्षिण कोरिया में मिलने वाले हैं*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस मौके पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात होने जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि वह अगले कुछ सप्ताह में दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। चीन ने दुर्लभ मृदा धातुओं (जो विभिन्न सैन्य और वाणिज्यिक उत्पादों के उत्पादन के लिए आवश्यक घटक हैं) पर निर्यात नियंत्रण कड़ा करने का फैसला लिया। इसके बाद से दोनों महाशक्तियों के बीच व्यापार तनाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि चीन बातचीत करना चाहता है और हमें चीन से बात करना पसंद है। इसलिए हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और हम कुछ हफ्तों में दक्षिण कोरिया में मिलने वाले हैं।

○ अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर तनाव
○ टैरिफ के कारण ही यूएस की राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षित



## व्यापार समझौते की उम्मीद जताई

अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि कोरिया में होने वाली संभावित बैठक से पहले अमेरिका बहुत मजबूत स्थिति में है। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बैठक से व्यापार समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि वे बातचीत करना चाहते हैं और हम बातचीत कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हम एक ऐसा समझौता करेंगे जो दोनों के लिए अच्छा होगा। मुझे लगता है कि हम कुछ करेंगे।

### चीन ने मजबूर किया

चीन के खिलाफ टैरिफ योजना पर, राष्ट्रपति ट्रंप का रुख थोड़ा नरम दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि टैरिफ टिकाऊ नहीं है, लेकिन उन्होंने मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर किया। मुझे लगता है कि चीन के साथ हमारा रिश्ता ठीक रहेगा। ट्रंप ने शी की भी प्रशंसा की और कहा कि मैं उनके साथ बहुत अच्छा व्यवहार करता हूं, वह एक बहुत ही मजबूत नेता और अद्भुत इंसान हैं। हालांकि, उन्होंने दोहराया कि चीन ने अमेरिका को धोखा दिया है।

### हमारे साथ निष्पक्ष व्यवहार हो

राष्ट्रपति ट्रंप ने दक्षिण कोरिया, जापान और यूरोपीय संघ का भी जिक्र किया और जोर देकर कहा कि हम बस यही चाहते हैं कि हमारे साथ निष्पक्ष व्यवहार हो। लेकिन निष्पक्षता यह है कि सैकड़ों अरबों और यहां तक कि खरबों डॉलर अमेरिका में आ रहे हैं और टैरिफ के कारण हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षित है। अगर टैरिफ नहीं होते, तो हमारी कोई राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं होती। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच 48 घंटे का सीजफायर समाप्त होने के बाद जंग शुरू

पक्तिका प्रांत के उर्गुन और बर्मल जिलों में घरों पर हमला किया

# पाक एयरस्ट्राइक में 3 अफगान क्लब क्रिकेटरों सहित 17 की मौत

एजेंसी ▶▶ काबुल

पाकिस्तान के हमले में अफगानिस्तान के 3 क्लब क्रिकेटर्स की मौत हो गई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने इसकी पुष्टि की है। हमले में 14 अफगानी भी मारे गए हैं जबकि 16 घायल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 48 घंटे का सीजफायर शुक्रवार शाम 6 बजे खत्म हुआ था। इसे आगे बढ़ाने पर सहमति बन गई थी।

लेकिन कुछ ही घंटे बाद पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत में एयर स्ट्राइक की। इन हमलों में उर्गुन और बर्मल जिलों के कई घरों को निशाना बनाया गया। ये इलाका दोनों देशों की बॉर्डर डूरंड लाइन के पास है। एसीबी ने बताया कि यह हमला पक्तिका प्रांत की राजधानी शराना में एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों कबीर, सिबधतुल्लाह और हारून पर हुआ। हमले वाले दिन कबीर अपने गांव के टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच चुने गए थे। उनकी ट्रॉफी के साथ एक तस्वीर वायरल हो रही है। हमले के बाद एसीबी ने नवंबर में पाकिस्तान में होने वाली ट्राई टी-20 सीरीज से नाम वापस ले लिया।



सिबधतुल्लाह | हारून | कबीर

## *तालिबान ने हमले की कड़ी निंदा की*

*तालिबान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की और इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान शांति और बातचीत के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हाल की घटनाएं पाकिस्तान की आक्रामकता की वजह से हुई हैं। मुजाहिद ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान के साथ बातचीत दोहा में होनी है। इसके लिए अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दोहा के लिए रवाना हो चुका है। मुजाहिद ने कहा, इस्लामी अमीरात इन हमलों का जवाब देने का अधिकार रखता है। लेकिन अपने वार्ताकारों की गरिमा और बातचीत की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए फिलहाल नई सैन्य कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया है। हम दोहराते हैं कि अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति और समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हालिया घटनाएं पूरी तरह से पाकिस्तान की ओर से की गई आक्रामकता का नतीजा हैं।*

केंद्रीय मंत्री वैष्णव का दावा

# भारत जल्द अपना स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक कार्यक्रम में एआई के क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपस्थिति पर प्रकाश डाला और घोषणा की कि बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप सर्वम इस साल दिसंबर या अगले साल जनवरी तक अपना स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करेगा।

उन्होंने कहा कि वह सर्वम के मॉडल के लॉन्च होने के बाद उसका उपयोग करने के लिए उत्साहित हैं। केंद्रीय मंत्री ने विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के निवेश से एक एआई हब स्थापित करने के गूगल के प्रस्ताव की भी प्रशंसा की और दावा किया कि इससे भारत में एआई रिसर्च के विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कंप्यूटर सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है। इनके उपलब्ध होने के बाद क्वालिटी रिसर्च करने और एआई एप्लीकेशन बनाने की क्षमता में सुधार होगा।

### देश की प्रतिभा को यहीं अवसर देंगे

*अश्विनी वैष्णव ने सरकार के आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि भारत आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण खनिजों और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे देश का टैलेंट देश के बाहर जाने के बजाय देश में ही अवसरों को पाएं। सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से वित्तीय सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के अपने प्रयास के तहत डिजिटल क्रेडिट पर बड़ा कदम उठा रही है। वर्तमान में 13 से अधिक देश भारत के यूपीआई फ्रेमवर्क का उपयोग कर रहे हैं और 50 से अधिक देशों ने आधार फ्रेमवर्क को लागू करने में रुचि दिखाई है। उन्होंने डेटा को नया तेल और डेटा केंद्रों को नई रिफाइनरियां बताया।*

### भारत के 5जी नेटवर्क से दुनिया अचंभित

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 5जी को इतनी तेजी से लागू किया कि दुनिया चकित रह गई। हमारे पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी नेटवर्क है। इससे हमें दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचने में मदद मिली। देश का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा 5जी नेटवर्क से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि 6जी पूरी तरह से अलग होगा। आपके हाथ में जो कुछ भी होगा, वह उस नेटवर्क का हिस्सा होगा।

## खबर संक्षेप

### शांतनु झा ने संभाली महाराष्ट्र नौसेना की कमान

**मुंबई।** भारतीय नौसेना के रियर एडमिरल शांतनु झा, एनएम ने महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र (फोमा) की कमान संभाल ली। उन्होंने यह जिम्मेदारी रियर एडमिरल अनिल जग्गी से एक औपचारिक परेड समारोह में ग्रहण की, जो मुंबई स्थित आईएनएस कुंजली में आयोजित किया गया। झा का नौसेना में शानदार करियर तीन दशकों से अधिक का रहा है। उन्हें 1 जुलाई 1993 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) के स्नातक शांतनु झा नौवहन और दिशा निर्देशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने आईएनएस विराट को नेविगेट किया है।



### ब्रिटिश किंग के छोटे भाई ने शाही उपाधियां छोड़ी

**लंदन।** ब्रिटिश किंग चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई प्रिंस एंड्रयू ने अपनी सभी रॉयल उपाधियां छोड़ने का ऐलान किया है। एंड्रयू ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि वे अब 'ड्यूक ऑफ यॉर्क' जैसे टाइटल का इस्तेमाल नहीं करेंगे। प्रिंस एंड्रयू का नाम यौन अपराधी जेफ्री एप्सटीन के केस में सामने आ चुका है। इसके अलावा पैसों की गड़बड़ी और एक कथित चीनी जासूस से रिश्तों को लेकर भी सवाल उठे थे। एंड्रयू का कहना है कि वे अपने खिलाफ लगे आरोपों को 'पूरी तरह नकारते हैं', लेकिन घोटालों की वजह से उनकी छवि को नुकसान पहुंच रहा था।



### यमन के तट पर टैंकर में आग, भागा चालक दल

**अबू धाबी।** यमन के तट के पास अदन की खाड़ी में शनिवार को एक बड़ा समुद्री हादसा हुआ। ब्रिटिश सैन्य अधिकारियों के अनुसार, एक जहाज पर अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब यमन के हूती विद्रोही लाल सागर और अदन की खाड़ी में लगातार जहाजों पर हमले कर रहे हैं। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मेरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने इस हमले की पुष्टि की है।

### रेड क्रॉस को सौंपा गया इजराइली बंधक ताबूत

**दीर अल-बलाह।** इजराइल को शुक्रवार को एक और बंधक का शव सौंपा गया है। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमास ने यह शव रेड क्रॉस के जरिये सौंपा गया। शव सौंपकर हमास युद्ध को खत्म करने के लिए जारी संघर्षविराम को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। बाद में रेड क्रॉस ने यह शव इजराइली सेना और सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया। शव को इजराइल के राष्ट्रीय फोरेंसिक चिकित्सा केंद्र को भेजा गया, जहां से इसकी पहचान की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद ही परिजनों को इसकी सूचना दी जाएगी।

*राजदूत एकरमैन ने जताई उम्मीद*

## भारत-जर्मनी के मध्य संबंधों को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जर्मनी और भारत के बीच संबंधों की सराहना करते हुए भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। एकरमैन ने कहा कि भारत-जर्मनी संबंधों बहुत अच्छी तरह से विकसित हैं, लेकिन अभी भी बहुत संभावनाएं हैं और हम दिल्ली और बर्लिन में सरकार के साथ मिलकर इसे और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। एकरमैन ने 2047 तक भारत के विकसित भारत के लक्ष्य के लिए जर्मनी का समर्थन भी व्यक्त किया और इसे भारत सरकार का एक अच्छा दृष्टिकोण बताया।



उन्होंने कहा कि यह एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है और यह एक ऐसा लक्ष्य है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं और हम, जर्मनी, इस लक्ष्य तक पहुंचने में भारत की हर संभव मदद करने की कोशिश करेंगे। यह सरकार का एक बहुत ही अच्छा दृष्टिकोण है और हम जहां भी संभव हो, इसका समर्थन करने में प्रसन्न हैं। विकसित भारत 2047 पहल का लक्ष्य 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

*दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला*

## खतरे में डाल सकती है छोटी सी चूक सुरक्षाकर्मी की 'बर्खास्तगी' बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दसवीं के फर्जी प्रमाणपत्र से जुड़े एक मामले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के एक जलवाहक की बर्खास्तगी को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि सुरक्षा बलों में कोई भी भूमिका छोटी नहीं होती है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद व न्यायमूर्ति विमल कुमार यादव की पीठ ने कहा कि किसी सुरक्षा/पुलिस संगठन में काम करने वाले व्यक्ति की एक छोटी सी चूक सीआरपीएफ कर्मियों, आम लोगों और देश के जीवन, अंगों और संपत्ति को खतरे में डाल सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता के इस तर्क को खारिज कर दिया कि वह गैर-लड़ाकू कर्मचारी था और किसी भी सुरक्षा ड्यूटी में शामिल नहीं था। ऐसे में बर्खास्तगी की सजा अनुपातहीन है।




याचिकाकर्ता की नियुक्ति 2011 में हुई थी, लेकिन जब उनके शैक्षिक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया, तो पता चला कि उनकी दसवीं का प्रमाणपत्र फर्जी था। इस प्रकार उसे 2018 में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। याचिकाकर्ता कर्मी ने दलील दी कि उसका धोखाधड़ी का कोई इरादा नहीं था, बल्कि फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करना एक वास्तविक गलती थी क्योंकि उन्होंने अपनी मूल मार्कशीट खो दी थी।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पाक आर्मी चीफ ने परमाणु हमले की दी गीदड़भभकी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक बार भारत के खिलाफ बेतुका बयान दिया है। मुनीर ने शनिवार को गीदड़भभकी देते हुए कहा कि भारत के छोटे से उकसावे पर भी 'माकूल जवाब' दूंगा। उन्होंने कहा कि 'न्यूक्लियराइज्ड माहौल' में युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है। मुनीर खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद में प्रीमियर पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी काकुल में पासिंग आउट आर्मी कैडेट्स के ग्रेजुएशन सेरेमनी में ये बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत को पक्के तौर पर सावधान करता हूं कि न्यूक्लियराइज्ड माहौल में युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है।

## जहां हैं, वहीं रुक जाएं यूक्रेन और रूस : ट्रंप


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी बैठक के बाद कीव और मॉस्को से कहा कि जहां हैं, वहीं रुक जाएं और अपने क्रूर युद्ध को समाप्त करें। ट्रंप ने संकेत दिया कि यूक्रेन को वह इलाका छोड़ देना चाहिए जो रूस ने कब्जे में ले लिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर लिखा, काफी खून बह चुका है। अब जमीन की सीमाएं युद्ध और साहस से तय हो रही हैं। अब उन्हें वहीं रुक जाना चाहिए। दोनों ही पक्ष खुद को विजेता मानें और ऐतिहासिक फैसला करें।

### रूस अपना कब्जा रखे

*बाद में जब ट्रंप फ्लोरिडा पहुंचे वहां उन्होंने दोनों देशों से तत्काल युद्ध बंद करने की अपील की और संकेत दिया कि रूस वही जमीन अपने पास रख सकता है, जो उसने यूक्रेन से ले ली है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि आप जंग के मोर्चे की जो स्थिति है, उसी को मानें। वरना मामला बहुत जटिल हो जाएगा। उसी मोर्चे पर रुकें और दोनों पक्ष घर जाएं, अपने परिवारों के पास लौटें, हत्या बंद करें। बस वही होना चाहिए।*

### शब्द पहेली - 6023





[illegible], बैंगलोर

**बाएँ से दाएं**
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

**शब्द पहेली -6022 का हल**







{ आवरण कथा / अंशु सिंह }

पौराणिक काल से ही दीपावली के अवसर पर दीपों के जरिए हर तरफ उजास-उल्लास फैलाने की पर्व परंपरा चली आ रही है। प्रतीक रूप में यह पर्व हमें अपने भीतर की मलिनता, दुष्प्रवृत्तियों को मिटाकर आत्मजागरण के पथ पर अग्रसर होने का भी संदेश देता है। आइए, इस दीपावली हम अपने बाह्य जगत के साथ ही अंतस को आलोकित करने का भी संकल्प लें।

# दीपावली उजास-उल्लास आत्मजागरण का उत्सव

दीपावली सिर्फ प्रकाश पर्व ही नहीं, यह प्रत्येक व्यक्ति के भीतर विद्यमान दिव्यता का उत्सव भी है। अपने आंतरिक प्रकाश पर चिंतन करने और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रयास करने का अवसर भी होता है। दीपावली से जुड़े अनुष्ठान और परंपराएं, हमें अपनी आत्मा से जुड़ने और दिव्यता की गहरी समझ विकसित करने में भी मदद करती हैं। दीपावली की रात पहले एक दीया जलाया जाता है, जिससे फिर दूसरे दीयों को प्रज्वलित किया जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे एक छोटी-सी लौ असंख्य दीयों को रोशन कर सकती है। सामूहिक रूप से अंधेरे को दूर कर सकती है।

**जब श्रीराम लौटे अयोध्याधाम:** दीपावली मनाने के आरंभ से जुड़ी कथानुसार चौदह साल बीत गए थे श्रीराम को वनवास गए। अयोध्या में सन्नाटा पसरा था। वहां के वासी एक ऐसे दुःख से गुजर रहे थे, जिसका वर्णन करना कठिन था। घरों में दीप नहीं जलाए जाते थे। लंबी प्रतीक्षा के बाद एक सुबह अयोध्यावासियों को समाचार मिलता है कि श्रीराम वापस आ रहे हैं। यह सुनकर अयोध्यावासी प्रसन्नता से झूमने लगते हैं। श्रीराम के स्वागत की तैयारियां शुरू हो गईं। घर-घर में हजारों दीप जल उठे। असल में यह एक प्रकार के सामूहिक प्रेम और आत्मीय जुड़ाव का प्रकटीकरण था। अयोध्यावासियों ने उस दिन सिर्फ दीये ही नहीं जलाए थे, अपनी आत्मा को भी जगाया था। क्योंकि 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम और सीताजी लौट आए थे। इसलिए दीपावली को अंधेरे के अंत के साथ धर्म, आनंद और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक माना गया।

**बढ़ें प्रकाश के पथ पर:** दीपावली का यह त्योहार अपने अंदर झांकने और अपने आंतरिक प्रकाश को बनाए रखने के लिए, इसके प्रति प्रतिबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित करता है। विवेकशील मनुष्य हमेशा प्रकाश की ओर देखता है। *तमसो मा ज्योतिर्गमय* का अर्थ भी है- अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़े चलो। अंधकार को त्याग कर, प्रकाश के मार्ग पर बढ़ना ही साधना का पथ है।

**ज्ञान से खत्म करें आंतरिक अंधकार:** यह शाश्वत सत्य है कि ज्ञान, इस जगत का सबसे बड़ा प्रकाश पुंज है। जब ज्ञान का दीप जलता है, तब भीतर और बाहर दोनों आलोकित हो जाते हैं। अंधकार का साम्राज्य समाप्त हो जाता है। ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता केवल भीतर के अंधकार, मोह को मिटाने के लिए ही नहीं, अपितु लोभ और आसक्ति के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई दुराचरण और अनैतिकता जैसी बाहरी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी आवश्यक है।

**हम प्रज्वलित करें आत्म ज्योति:** दीपावली को अज्ञान पर ज्ञान, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व भी कहते हैं। यह प्रार्थना, चिंतन, भक्ति और आंतरिक शुद्धि का सुअवसर होता है। दीपोत्सव की हर रस्म का एक गहरा प्रतीकात्मक अर्थ है। जैसे, घर की सफाई और सजावट करने का तात्पर्य है, मन की शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करना। आध्यात्मिक गुरु एवं राजयोग प्रशिक्षिका बी. के. शिवानी कहती हैं कि इस दिन घर के साथ मन की सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, क्योंकि जब तक मन की सफाई नहीं होती, श्रीलक्ष्मी का आह्वान नहीं किया जा सकता। श्रीलक्ष्मी का आह्वान अर्थात अपने अंदर की पवित्रता, दिव्यता का आह्वान करना। मन में अपवित्रता होने से दिव्यता आ नहीं सकती। जहां किसी के बारे में कुछ बैर होगा, वहां सफाई कैसे! इसलिए मन के कोने-कोने की जांच कर सफाई करनी आवश्यक है। जैसे-जैसे हम सफाई करेंगे, आत्मा के पुराने संस्कार खत्म होते जाएंगे और नए संस्कार उभरने लगेंगे। कहने का आशय है कि मनुष्यों के सोचने का पुराना तरीका छूटता जाएगा। इसीलिए दिवाली में सफाई के साथ नवीनता का भी महत्व है। यह आत्मा की ज्योति जगाने का अवसर है। जब हर चीज, हर सोच, हर भावना नई होगी। हमारे बोलने, व्यवहार, खाने-पीने का, काम करने का तरीका सब नया होगा, तब सही मायने में आत्मा का दीप जल उठेगा।



**बनें स्वयं के दीपक:** प्रकाश पर्व पर दीपों की माला सजाई जाती है। दीपक जलाना न केवल देवी लक्ष्मी के स्वागत, बल्कि उस आंतरिक प्रकाश का भी प्रतीक है, जो अंधकार और अज्ञानता को दूर करता है। कई महाज्ञानियों, दार्शनिकों ने दीयों की सुंदर आध्यात्मिक व्याख्या की है। उन्होंने दीपक को देह तथा उसमें मौजूद तेल को वासना और जलने वाली बाती को अहम माना है। इस प्रकार, दीपक का जलना व्यक्ति के अंदर की वासना तथा अहम के नष्ट होने का रूपक प्रस्तुत करता है। ऐसा होने पर स्वाभाविक रूप से ज्ञान का प्रकाश फैलता है। अर्थात ज्ञान के उत्पन्न होने से वासना और अहम का स्वयं ही धीरे-धीरे नाश होने लगता है। गौतम बुद्ध ने जीवन के अंतिम क्षण में अपने प्रिय शिष्य आनंद को यही उपदेश दिया, 'अप्प दीपो भवः', यानी स्वयं के दीपक बनो। अपना सत्य खुद ढूंढ़ो। *

## अपने भीतर के प्रकाश को पहचानें

**अगर हम** भारतीय दर्शन के मूल के आधार पर दीपावली पर्व को समझना चाहें, तो मूलतः यह पर्व ज्ञान का स्वागत तथा प्रज्ञा को आत्मसात करने का पर्व है। यह बुराई पर सदाचार की आध्यात्मिक जीत और अज्ञानता तथा नकारात्मकता को दूर करने वाले प्रकाश को रेखांकित करता है। आम जीवन में भी इसकी बड़ी उपयोगिता है। इसे महान दार्शनिक संत आचार्यश्री महाप्रज्ञ के कथन से समझ सकते हैं। वे कहते हैं, 'हमें यदि धर्म को, अपने भीतर के प्रकाश को समझना है और वास्तव में धार्मिक कर्म करना है तो सबसे पहले इंद्रियों का निग्रह करना सीखना होगा। यदि केवल आधे घंटे के लिए सारी इंद्रियों को विश्राम देकर बिल्कुल स्थिर और एकाग्र होकर अपने भीतर झांकना शुरू कर दें और इसका नियमित अभ्यास करें, तो एक दिन आपको कोई ऐसी झलक मिल जाएगी कि आप रोमांचित हो जाएंगे। आप देखेंगे कि भीतर का जगत कितना विशाल, आनंदमय और प्रकाशमय है। वहां कोई अंधकार नहीं, कोई समस्या नहीं है। सिर्फ एक दिव्य प्रकाश है।'



दीपावली पर हम सब घर-आंगन को दीपों से प्रकाशित करते हैं, ताकि हमारे आस-पास कहीं भी अंधेरा ना रह जाए। इसी तरह चेतना और सकारात्मकता के दीपक से मन का अंधियारा भी हम दूर कर सकते हैं।

# अंधेरा कहीं रह ना जाए...

{ आह्वान
सरस्वती रमेश }

दीपावली प्रकाश का उत्सव है। अंधेरा भगाने का उपक्रम। तभी तो इस मौके पर घर, द्वार, खिड़की, गलियारे, मुंडेर, बालकनी, आंगन, छत यहां तक कि घूर पर भी दीया जलाने की परंपरा है। ताकि कहीं अंधेरा न रहे। ये वाह्य अंधकार है, इसे दीपक से भगाया जा सकता है। इसी तरह हमारे भीतर भी अंधकार की एक सत्ता विराजती है। अमूमन हर किसी के भीतर एक अंधकार आंतरिक बुराइयों द्वारा खाद-पानी पाकर पनपता है। निरंतर बढ़ता रहता है। यदि इसे लंबे समय तक हटाया न जाए तो यह सघन होकर हमारे संबंधों, कार्यक्षमता, आचरण और जीवन के तमाम पहलुओं को प्रभावित करने लगता है। इसे हटाने की प्रक्रिया सरल नहीं है। पर असंभव भी नहीं। इसके लिए हमें अपने मन की कोटरों को रोशन करना होगा।

### बनाएं अच्छाइयों के प्रवेश का रास्ता

भीतर का अंधकार बाहर के अंधकार से हमेशा बलवान होता है। इसलिए वहां दीपक जलाने की प्रक्रिया थोड़ी अलग और जटिल होती है। श्रम साध्य होती है। यह दीपक हमारी अच्छाइयों के तेल से प्रज्वलित होता है। सत्य, करुणा और सद्भावना जैसी अच्छाइयों की रोशनी से इसे जलाने की लौ मिलती है। इसलिए इस दीपावली अपने मन की सारी बुराइयों को झाड़-पोंछ बाहर का रास्ता दिखाइए। अच्छाइयों के प्रवेश का रास्ता बनाइए। ठीक वैसे ही जैसे माता लक्ष्मी के आगमन के लिए आज भी हम लोग दीपावली पर रात-रात भर घर के किवाड़ खोलकर उनके आने का रास्ता बनाते हैं। इसी तरह जब बुराइयों का अंधियारा मन के भीतर सघन हो, तब उसे हटाने के लिए संकल्प शक्ति की भी आवश्यकता पड़ती है।

### अंतर्मन से ही मिलेगी प्रेरणा

भीतरी अंधेरे को भगाना आध्यात्मिक यात्रा की तरह आनंदमय अनुभूति है। इस यात्रा में हमारा आत्मबल सह यात्री की भूमिका निभाता है। साहस और चेतना इस यात्रा के विभिन्न पड़ाव हैं। आत्म-जागृति इसकी मंजिल है। भीतरी अंधेरे को भगाना अर्थात एक बेहतर मनुष्य बनने का प्रयास करना। ऐसा मनुष्य, जो अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत हो। जो समाज को जीने का नया नजरिया दे। जो जीवन की अच्छाइयों के प्रति लोगों में विश्वास पैदा करे। भय, निराशा, अविश्वास के दुष्चक्र से उन्हें बाहर निकलने का मार्ग सुझाए। ऐसी प्रेरणा हमारे भीतर तभी प्रस्फुटित हो सकती है, जब हम स्वयं अपने दीपक बन जाएं। एक तरह से अपनी शक्तियों और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें निरंतर परिष्कृत करते रहना ही है, अपना दीपक स्वयं बनना। यानी सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा हमें अंतर्मन से ही मिल सकती है।

### सकारात्मकता का दीपक

अब मन में यह प्रश्न उठ सकता है कि हमें अपना दीपक स्वयं बनने की आवश्यकता क्यों है? या मन का दीपक जलाने जैसा श्रमसाध्य कार्य क्यों किया जाए? हम सभी इस बात से अवगत हैं कि यह संसार किसी अदृश्य पराशक्ति से परिचालित होता है। वही शक्ति हम सभी मनुष्यों के भीतर भी होती है। मगर मनुष्य जीवन में नकारात्मक शक्तियां भी कार्य करती हैं। ये शक्तियां पग-पग पर भटकाव और अंधेरा फैलाती हैं। ये मनुष्य के मस्तिष्क को भ्रष्ट कर, उन्हें गलत रास्ते पर ले जाती हैं। सवाल है, इन नकारात्मक शक्तियों से आखिर छुटकारा कैसे मिल सकता है? इसका उत्तर है, हमारे भीतर प्रज्वलित होने वाला चेतना का दीपक ही हमें सही राह दिखाता है। भटकने से बचा सकता है। हमारे अंदर सकारात्मकता फैलाता है। अंधेरे की शक्तियों से लड़ने का साहस और शक्ति प्रदान करता है। हमारे भीतर अपार संभावनाएं छिपी हुई हैं। बिल्कुल इस विविधता भरी और रहस्यमयी सृष्टि की तरह। उन संभावनाओं को पहचानने के लिए जरूरी है कि उन तक हमारी दृष्टि पहुंचे। वह कैसे पहुंचेगी? इसी चेतनामयी सकारात्मक दीपक के जरिए, जिसे हमें अपने भीतर प्रज्वलित करना होगा।



### भीतर-बाहर फैले उजियारा

मन के भीतर चेतना और सकारात्मकता का दीप जलाने के लिए आत्मनिरीक्षण करना बेहद जरूरी प्रक्रिया है। स्व का निरीक्षण अर्थात अपनी भावनाओं की बेहतर समझ। अपने डर, अपनी कमियों, अपने गुणों-अवगुणों के अंधेरे-कोनों को जानना। उन पर बेहतर पकड़ बनाना। एक मंझे हुए चालक की तरह अपनी भावनाओं की गाड़ी पर नियंत्रण करने की योग्यता विकसित करना। जब हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना सीख लेते हैं तो हमारे साथ हमारे आस-पास का समाज भी सुरक्षित, सुसज्जित और प्रकाशमय बनता है। जिस तरह एक नन्हा दीपक बड़े से भू-भाग को आलोकित करता है, उसी तरह एक बुराई की अग्नि सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं जलाती बल्कि समाज को भी भस्म कर देती है। इसे जानना और बाहर निकालना तभी संभव है, जब हम अपने मन में सकारात्मकता का दीपक जलाएं। सिर्फ जलाएं ही नहीं, उसे बाधित करने वाली, बुझाने वाली शक्तियों से सुरक्षित रखने के उपाय भी करें। दीपावली के मूल में जो संदेश निहित है, वह यही है। दुनिया को रोशन करने से पहले खुद को रोशन करना।

इस संदर्भ में प्रसिद्ध गीतकार गोपाल दास नीरज की पंक्तियां सहज ही स्मरण हो आती हैं -

जलाओ दीये पर रहे ध्यान इतना,
अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए। *

{ पूजन-परंपरा / अनीता जैन }

# दीपोत्सव पर ऐसे करें गणपति-लक्ष्मी की पूजा

हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पुराणों में कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है, इसको दामोदर मास भी कहा जाता है।

**कार्तिक मास का महात्म्य:** कार्तिक महीने में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा करना सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। पूरे कार्तिक मास में कई त्योहार आते हैं और इनमें स्नान, दान और भगवत्पूजन किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। स्वयं ब्रह्माजी कार्तिक मास की महिमा बताते हुए कहते हैं कि कार्तिक मास सब मासों में उत्तम है।

न कार्तिकसमो मासो न कृतेन समं युगं,
न वेदं सदृशं शास्त्रं न तीर्थं गंगया समं'।

अर्थात कार्तिक के समान कोई मास नहीं है, न सतयुग के समान कोई युग, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं। इस महीने में तैंतीस कोटि देवता मनुष्य के सन्निकट हो जाते हैं और इसमें किए हुए स्नान, दान, भोजन, व्रत, तिल, धेनु, सुवर्ण, रजत, भूमि, वस्त्र आदि वस्तुओं के दान को विधिपूर्वक ग्रहण करते हैं।



**सर्वश्रेष्ठ पूजन दिवस दीपावली:** कार्तिक मास में बुद्धि के दाता, विघ्नहर्ता श्री गणेश और धन-ऐश्वर्य की देवी मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए दीपावली का दिन बहुत विशेष माना गया है। इस दिन भगवान राम असुरों का संहार करके अयोध्या लौटे थे, जिनका दीपोत्सव करके स्वागत किया गया था। दिवाली का दिन मां लक्ष्मी के भी स्वागत का दिन है। हम चारों ओर प्रकाश फैलाकर सकारात्मकता के साथ महालक्ष्मी से समृद्धि और संपन्नता का वर मांगते हैं। शक्ति आराधना यानी काली पूजा के लिए भी यह कार्तिक अमावस्या सर्वोपरि मानी गई है।

**दीपावली की पूजन-विधि:** इस दिन प्रदोष वेला से लेकर पिशाच वेला के आरंभ से पहले तक ही महालक्ष्मी पूजा का विधान है। यह पिशाच वेला रात्रि 2 बजे से आरंभ होती है। दीपावली के दिन स्थानीय सूर्यास्त से 72 मिनट पहले से लेकर 72 मिनट बाद तक की वेला प्रदोष वेला मानी गई है। इस दिन स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्राभूषण धारण करके घर के पूजास्थल पर पूजन सामग्री लेकर बैठें। साथ ही गणेश सहित महालक्ष्मी, वरुण, कुबेर, श्रीयंत्र, कुबेरयंत्र और नवग्रह यंत्र लें। ध्यान रहे दीपावली पूजन में लक्ष्मीजी और गणेशजी की मूर्तियां अथवा चित्र बिल्कुल नया होना चाहिए यानी, पहले उन मूर्तियों का प्रयोग पूजा में न किया गया हो। आप इस बात का ध्यान रखें कि पूजा में पूजन सामग्री के अलावा श्रद्धा का नैवेद्य भी अवश्य चढ़ाएं। भाव और भक्ति की कमी न रहने पाए, तभी लक्ष्मीजी आपसे प्रसन्न होंगी। पूजा में कमल पुष्प और आंवले को भी शामिल करें तो और उत्तम रहेगा। इसके अतिरिक्त गुड़हल, लाल कनेर, गेंदा आदि फूलों से भी मां की आराधना कर सकते है। साथ ही श्रृंगार का सामान हल्दी, रोली, मौली, लाल चंदन, अक्षत, लौंग, इलायची, पान, सुपारी, शहद, फल, मिष्ठान, गंगाजल, नारियल, कलश को भी पूजनस्थल पर लेकर बैठें। सर्वप्रथम ॐ पुंडरीकाक्ष का स्मरण करके अपने ऊपर गंगाजल छिड़कें। सभी सामग्रियों पर भी गंगाजल छिड़कें। अब पृथ्वी स्पर्श करते हुए 'ॐ भूम्यै नमः' कहें। पूजा स्थल के दक्षिण-पूर्व के तरफ घी का दीप जलाते हुए

ॐ दीपोज्योतिः परब्रह्म दीपोज्योतिः जनार्दनः।
दीपो हरतु में पापं पूजा दीपं नमोस्तुते!

का जाप करते हुए संकल्प करें।

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद
श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।

इस मंत्र को पढ़ते हुए सभी पूजन सामग्री अर्पण करें। देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के लिए भोग में खीर, बूंदी के लड्डू, सूखे मेवे या फिर मावे से बनी हुई मिठाई रखें। फिर दोनों की आरती करें। पूजन के पश्चात चारमुखी दीपक रात्रि भर जलाएं।

विद्यार्थीजन इस दिन माता महासरस्वती का यह मंत्र जप करें

या देवि! सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता!
नमस्तस्यै! नमस्तस्यै! नमस्तस्यै नमोनमः!

इससे मां सरस्वती की भी कृपा प्राप्त होती है। *



{ नवगीत
अखिलेश श्रीवास्तव चमन }

## हम जलते हुए दीप हैं

मोती भरे से सीप हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।
अपने हृदय को
हम भरे हैं स्नेह से,
हम धरा पर हैं
बरसते मेह से,
हम प्रेम से सींचेंगे
मन की क्यारियां,
रहने न देंगे
द्वेष की चिनगारियां
हम महकते फूल हैं जी
हम रसीले गीत हैं।

हम जलते हुए दीप हैं।
हम जलाते हैं
स्वयं को ज्योति बन,
छल, कपट से मुक्त
अपना स्वच्छ मन,
हम विहंस
सबको लगाते हैं गले,
अपने लिए
सारे सगे, सारे भले
हम नहीं दुश्मन किसी के
हम सभी के मीत हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।

{ लघुकथाएं }

# खुशी की रोशनी

दीपावली की शाम थी। वातावरण में खुशियों की खनक थी। लेकिन सामने वाले फ्लैट का दरवाजा बंद था। सूने से उस दरवाजे को देखकर ऐसा लग रहा था, उस घर में कोई हलचल ही न हो। पूरे दिन में बस दो-तीन बार ही वह दरवाजा तभी खुलता था, जब कामवाली बाई आती-जाती थी या फोन करके मंगवाया हुआ दूध-सब्जी जैसा सामान देने कोई आता था। हालांकि इसी घर में कभी खूब चहल-पहल हुआ करती थी। लेकिन दो साल पहले जब इस घर में रहने वाले अंकल और आंटी के जवान बेटे और बहू की एक सड़क हादसे में मौत हो गई, तब से इस घर में उदासी बनी रहती है। इस ट्रेजडी के बाद से अंकल-आंटी घर से न के बराबर ही निकलते थे। कोई रिश्तेदार या दोस्त भी उनके घर में नहीं आता था।

मैं कुछ देर तक उस फ्लैट के बंद, सूने दरवाजे को देखती रही। फिर मैंने एक-एक करके पांच दीये उस दरवाजे के सामने जला कर रख दिए। इसके बाद दरवाजे की फोटो खींचकर उन अंकल-आंटी के फोन पर भेज दी। आंटी को फोन करके बता भी दिया।

थोड़ी देर बाद उनके फ्लैट का दरवाजा खुला। अपने दरवाजे के सामने जलते हुए दीयों को देखकर अंकल-आंटी के चेहरे खुशी से रोशन हो उठे। आशा बंधी, उन दोनों के मन के भीतर बैठी उदासी अब छंट जाएगी। *

- **हरीश कुमार 'अमित'**





# खुद्दारी

शहर दिवाली की रोशनी से जगमगाया हुआ था। मैं अपने पति के साथ दिवाली की खरीदारी करने बाजार आई थी। मेरे पति की नजर एक छोटे से बच्चे पर पड़ी, जो जोर-जोर से आवाज लगा रहा था, 'ले लो, दस के बारह दीये ले लो...।'

पति को उस गरीब बच्चे पर दया आ गई। उन्होंने मुझसे उस बच्चे से दीये खरीदने के लिए कहा। मैंने साफ मना कर दिया। मुझे डिजायनर दीपक लेने थे, जबकि उसके पास केवल सादे दीये थे। पति ने फिर कहा, 'अरे गरीब बच्चा है, खरीद लो न।' मैं उनका मन रखने के लिए बच्चे से दीये खरीदने को तैयार हो गई।

'दस रुपए के बीस के हिसाब से लगा दो, तुम्हारे दीये कुछ खास नहीं हैं।' मैं मुंह बनाकर बच्चे से बोली।

'नहीं हो पाएगा मैडम जी।' बच्चे ने सपाट स्वर में कहा।

'अरे, ले भी लो।' पति ने कहा तो मैंने पचास दीये ले लिए। पैसे देकर आगे बढ़ी ही थी कि पीछे से वह बच्चा दौड़ता हुआ आया, 'मैडम जी..!'

'अब क्या है? मैंने पूरे पैसे दे तो दिए हैं।' मैं चिढ़ कर बोली। 'पर्स से पैसे निकालते समय आपका मोबाइल गिर गया था, वही लौटाने आया हूं।' बच्चा मासूमियत से बोला।

बच्चे की ईमानदारी देखकर हम दोनों स्तब्ध रह गए। अभी कुछ देर पहले बच्चा एक पैसा कम करने को तैयार नहीं था, वह अब मोबाइल लौटाने चला आया।

मोबाइल हाथ में पकड़ाकर बच्चा जाने लगा तो मैंने रोका। उसे सौ का नोट देते हुए बोली, 'सुनो, यह लो, मिठाई खा लेना।' 'इसकी कोई जरूरत नहीं मैडम जी। हम मेहनत की खाते हैं, इसी में खुश रहते हैं।' कहकर वह बच्चा चला गया। उसकी खुद्दारी देखकर हम दंग रह गए। *

**-शीला श्रीवास्तव**

{ नवगीत
माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' }

## अंधियारे ने कहा दीप से



अंधियारे ने कहा दीप से,
जग ने मिथ्या भ्रम फैलाया
तुझे जलाया मुझे मिटाने,
अब तक तू ये समझ न पाया।
मिला तुझे क्या मुझे घटाकर
खुद भी जलता रहा रात भर
मुझे अकारण ही उलाहना
दिया जगत ने बात-बात पर।
मैं दुनिया में अजर-अमर हूं
सबने केवल अवगुण गाया।
मेरी किस्मत में लिक्खा है
पीड़ा, कुंठा, एकाकीपन
तुझे मिला स्वागत-अभिनंदन
यश ,कीर्ति, पूजा और वंदन
जिसने जैसा कर्म किया था
वो उसके हिस्से में आया।
गलत काम का हूं मैं साक्षी
इसमें मेरा दोष नहीं है
सुख होगा तो दुख भी होगा
आज किसी को होश नहीं है
तन माटी में मिल जाएगा
साथ नहीं जाएगी माया।



यह तो सही है कि दीपावली जैसे खुशी, उल्लास के पर्व का मजा अपने घर-परिवार के साथ ही आता है। लेकिन अगर किसी वजह से इस बार दीपावली पर आप परिवार से दूर हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आप दीपावली सेलिब्रेट ही ना करें। कई ऐसे तरीके हैं, जिससे आप अपनी दीपावली को एंज्वॉय कर सकते हैं, यादगार बना सकते हैं।

## अगर इस बार घर-परिवार से रहें दूर

# ऐसे करें दीपावली सेलिब्रेट

लाइफस्टाइल

नम्रता नदीम

होली और दीपावली हिंदू धर्म के ऐसे पर्व हैं, जिन्हें लोग अपने घर-परिवार के साथ मनाना पसंद करते हैं। दीपावली की तैयारी तो हफ्तों पहले शुरू कर देते हैं। कई लोगों को पूरे साल इंतजार रहता है इस उत्सव का। लेकिन कई बार रोशनी के इस त्योहार पर काम की व्यस्तता ज्यादा होने या किसी प्रोजेक्ट, बिजनेस टूर की वजह से बाहर जाने के कारण, कुछ लोग अपने घर नहीं जा पाते हैं। उन्हें दीयों के त्योहार दीपावली पर अपने आस-पास जगमगाती रोशनी, मिठाई से सजी दुकानें, रंगोली और बाजारों की चमक-दमक अपने परिवार की याद दिलाती है। उनमें अकेलेपन का एहसास भर देती है। इस अकेलेपन के एहसास को दूर करने के लिए आप कुछ तरीके अपना सकते हैं।

### मन से सजाएं घर का हर कोना

दिवाली के त्योहार पर घर को सजाना, इस त्योहार को पूर्णता देता है। अगर आप अकेले हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप घर नहीं सजा सकते। चाहे किराए के घर में हों, घर की सजावट आपके भीतर एक खुशी देगी। इसके लिए दीये, लाइट्स, रंगोली और घर के पर्दे को नए तरह से सजाकर आप दिवाली का अकेले भी लुत्फ उठा सकते हैं। जिस तरह आप अपने घर में रहकर दिवाली पर जो भी करते हैं, उन धार्मिक अनुष्ठानों को भी करें ताकि अकेलापन न महसूस हो। सालों अपने पैरेंट्स के साथ बचपन से दिवाली मनाने, पूजा करने की स्मृतियों को ताजा करें और पैरेंट्स से पूछकर पूजा का सामान खरीदकर मंदिर को सजाकर दीपावली की पूजा करें। पूजा करते समय अपने परिवार के साथ वीडियो कॉल पर विजुअल आरती या लक्ष्मी पूजा मिलकर करें, ताकि आपको अपने परिवार से दूर रहकर भी उनके साथ होने का एहसास बना रहे।

### दिवाली मेले का आनंद लें

दिवाली के अवसर पर छोटे-बड़े शहरों में काफी बड़े स्तर पर दिवाली मेले लगते हैं, जहां पर कई किस्म के रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम होते हैं। अपने दोस्तों के साथ मिलकर दिवाली मेलों की रौनक को एंज्वॉय कर सकते हैं। इस मौके का दिवाली से जुड़ी सांस्कृतिक मान्यताओं और रीति-रिवाजों को अपने दोस्तों के साथ सोशल मीडिया पर स्टोरी के रूप में शेयर करें। अपने आस-पास के लोगों के साथ मिलकर उनके साथ खुद को कनेक्ट करके दिवाली मनाएं।

### दोस्तों के साथ एंज्वॉय करें



**यदि आप** लंबे समय से करियर की वजह से घर से बाहर रह रहे हैं, तो आपके कई दोस्त होंगे और ऐसे बहुत से दोस्त होंगे, जो किसी कारणवश इस बार दिवाली मनाने के लिए अपने घर न जा पाए हों। उनके साथ मिलकर दिवाली मनाएं। किसी दोस्त के साथ उसके घर पर भी जाकर उसके परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ मिलकर दिवाली मना सकते हैं। उनके साथ फल, मिठाई और पकवान खाकर दूसरों से मिल-जुलकर खूब एंज्वॉय कर सकते हैं। नौकरी और पढ़ाई के दौरान हर बार ऐसा संभव नहीं हो सकता कि आप हर अवसर पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर त्योहार मना पाएं। आप चाहें तो अपने आस-पास मौजूद किसी एनजीओ, वृद्धाश्रम या बालगृह में जाकर उनके साथ भी एक अलग तरह की दिवाली मना सकते हैं।



### इस बार परिवार के लोगों को आमंत्रित करें

यदि आप किसी कारणवश परिवार के सदस्यों के साथ घर जाकर दिवाली मना पाने में असमर्थ हैं, तो इसकी बजाय आप उन्हें भी अपने घर पर आमंत्रित कर सकते हैं। ऐसे मौके पर अपने उन दोस्तों को भी अपने घर दिवाली मनाने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं, जो किसी कारणवश अपने घर नहीं जा पाए। उन्हें अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलाएं और उनकी भी दिवाली रंगीन बनाएं।

### घर पर रंगोली सजाएं

रंग-बिरंगे फूलों की पत्तियों से और कलर पावडर से घर के प्रवेशद्वार पर रंगोली सजाएं। अगर स्थान सीमित है तो अपने कमरे के एक कोने में भी इसे बना सकते हैं या पेपर रंगोली कटआउट या स्टीकर का इस्तेमाल करके ऐसी रंगोली बना सकते हैं, जो आसानी से साफ हो सके।

### खाएं-खिलाएं-मौज मस्ती करें

हर साल आप दीपावली पर नए-नए स्वादिष्ट व्यंजनों का जायका लेते रहे हैं। घर न जा पाए तो क्या, अपनी पसंदीदा मिठाई और व्यंजन दुकान से जाकर खरीदें और दीपावली पर उनका स्वाद चखें। यदि आपको कुकिंग का शौक है तो यू-ट्यूब से देखकर खुद की बनाई मिठाई और व्यंजन खाएं और एंज्वॉय करें। अगर आपको कुकिंग झंझट भरा काम लगता है तो अपने आस-पास के रेस्टोरेंट या अच्छी शॉप से मिठाई मंगाकर खाएं। दिवाली के अवसर पर कई रेस्टोरेंट्स में विशेष तौर पर दिवाली की थाली बनाती है, आप भी उन्हें ऑर्डर से मंगवा सकते हैं। घर बैठे अपने परिवार के हर सदस्य को सरप्राइज गिफ्ट के रूप में उनकी पसंद के अनुसार मिठाई, मूर्ति, कलात्मक मोमबत्तियां और गिफ्ट हैंपर भेजवा सकते हैं। अगर ज्यादा ही बोर हो रहे हैं तो अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने भी जा सकते हैं। *

परंपरा

रेखा शाह आरबी

# रंगोली एक नाम अनेक



अपने देश-समाज में, हर शुभ कार्य, धार्मिक अनुष्ठान, भूमि पूजन, तीज त्योहार पर रंगोली बनाने की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है। रंगोली केवल घर-द्वार को सुंदर और आकर्षक दिखाने के लिए ही नहीं बनाया जाता है। बल्कि इसमें शुभता, धार्मिक आस्था, श्रद्धा का भाव भी निहित रहता है। तीज त्योहारों पर घर के आंगन या घर की देहरी पर बनी हुई कलात्मक रंगोली खुशहाली और पवित्रता का आभास कराती है। हमारे मन को रंगों से भर देती है और माहौल में एक नई ऊर्जा का संचार करती है। सुंदर कलात्मक ढंग से बनाई गई रंगोली देखने वाले को मुग्ध करके उसे मानसिक आनंद देती है।



**जुड़ी मान्यताएं:** रंगोली माता लक्ष्मी के स्वागत करने का एक पारंपरिक तरीका है। दीपावली पर रंगोली बनाना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन माता लक्ष्मी सभी के घर आशीर्वाद देने आती हैं। इसीलिए उनका स्वागत करने के लिए रंगोली बनाई जाती है।

**हर जगह अलग रंगोली:** अपने देश के अलग-अलग हिस्सों या कहें अलग-अलग राज्यों में रंगोली को अलग-अलग नाम से जाना जाता है। आइए जानते हैं कि किस राज्य में रंगोली को बनाने में किन वस्तुओं का प्रयोग होता है और किस नाम से जाना जाता है?

**दक्षिणी राज्य:** तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश में रंगोली को 'कोलम' नाम दिया जाता है। यहां पर रंगोली चावल के आटे या उसके पावडर से बनाई जाती है। चावल के आटे से इसको बनाने के पीछे बहुत ही सुंदर भावना निहित है। आटे और चावल से रंगोली बनाने के पीछे यह भावना होती है कि वह पक्षी, चींटियों का आहार बन सके। यह स्थानीय निवासियों की सभी प्राणियों के प्रति दया भावना को दर्शाता है। आंध्र प्रदेश में रंगोली को 'मुग्गु' के नाम से भी जाना जाता है। यहां की रंगोली बहुत सुंदर होती है। यहां ज्यामितीय पैटर्न और बिंदुओं को जोड़कर रंगोली बनाई जाती है, जो बेहद आकर्षक लगती है।

**पश्चिम बंगाल:** पश्चिम बंगाल में रंगोली को 'अल्पना' के नाम से जाना जाता है। इसे चावल के घोल से बनाया जाता है। अल्पना में अधिकांशतः देवी-देवताओं के प्रतीक चिन्ह और हिंदू धर्म के शुभ चिन्ह जैसे शंख, पद्म, स्वास्तिक, मोर इत्यादि बनाए जाते हैं।

**उत्तर भारत:** उत्तर भारत में रंगोली को चौक पूरना कहा जाता है। पवित्र मांगलिक अवसरों पर जब चौक पूरा जाता है तो अधिकतर गेहूं के आटे से इसे बनाया जाता है। कुछ अवसरों पर गोबर, मिट्टी, फूल, गुलाल के मिश्रण से रंगोली बनाई जाती है। यह ग्रामीण लोक कला है, जो अभी भी उत्तर भारत के गांवों में बहुत प्रसिद्ध है और त्योहारों के साथ शुभ अवसरों पर बनाई जाती है। *

बॉलीवुड

कैलाश सिंह

रोशनी, उल्लास और उमंग के पर्व दीपावली को हिंदी फिल्मों में भी शुरुआती दौर से ही अलग-अलग तरीकों से दर्शाया जाता रहा है। ऐसी ही कुछ फिल्मों पर एक नजर।

# हिंदी फिल्मों में दीपावली की जगमगाहट



कभी खुशी-कभी गम



मोहब्बतें



आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

एक जमाना था, जब बहुत सी फिल्में दीपावली के इर्द-गिर्द घूमा करती थीं। मिसाल के तौर पर वर्ष 1940 में जयंत देसाई के निर्देशन में बनी 'दिवाली' या फिर 1955 में आई गजानन जागीरदार की फिल्म 'घर-घर में दिवाली' और इसके अगले साल यानी 1956 में बनी दीपक आशा की 'दिवाली की रात' का जिक्र किया जा सकता है। इनके अलावा जब दिवाली के दीप जलते हैं तो अमीरबाई कर्नाटकी का गाया 'घर-घर में दिवाली है' (फिल्म-किस्मत, 1943) और शमशाद बेगम का गाया 'आई रे आई रे दिवाली' (फिल्म - शीश महल, 1949) भी जरूर याद आते हैं। लेकिन अब फिल्मों में दिवाली, उससे जुड़े कोई एक सीन, गीत या संदर्भ तक सिमटकर रह गई है। बल्कि हाल के दिनों में तो निर्माताओं ने दिवाली को बड़े पर्दे पर लाना लगभग बंद ही कर दिया है। इस बारे में कुछ फिल्मकारों का कहना है, आज फिल्मों के रुपहले पर्दे पर दिवाली जैसे पारंपरिक पर्व को मुख्य सीन के रूप में पेश नहीं किया जा रहा है। फिल्मकार नए विषयों और नए प्रयोगों को प्राथमिकता देते हैं। बॉलीवुड नए ग्लोबल मंचों तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है, इसलिए फिल्मकार ऐसी फिल्में बनाने की कोशिश करते हैं, जो भारतीय के साथ ग्लोबल दर्शकों को भी अधिक आकर्षित करे। यहां जिक्र करते चलें कि वर्ष 2001 में अमिताभ बच्चन की प्रोडक्शन कंपनी एबीसीएल के द्वारा आमिर खान और रानी मुखर्जी को लेकर 'हैप्पी दिवाली' फिल्म बनाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अस्पष्ट कारणों से यह फिल्म घोषणा के बाद भी बन न सकी।





**कई फिल्मों में होता रहा जिक्र:** इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि 70 के दशक से लगभग 2005 तक दिवाली को कई फिल्मों में अच्छे ढंग से प्रयोग किया जाता रहा। मसलन, 1972 की फिल्म 'अनुराग' में कैंसर पीड़ित बच्चे सत्यजीत की मृत्यु से पहले की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए पूरा आस-पड़ोस दिवाली मनाने के लिए साथ आता है। कमल हसन की 1998 की फिल्म 'चाची 420' में हसन की बेटी का किरदार निभा रही बच्ची दिवाली के पटाखे से घायल हो जाती है। आदित्य चोपड़ा की फिल्म 'मोहब्बतें' (2000) में दिवाली को मिलन के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया कि तीन युवा प्रेमी जोड़े शाहरुख खान के प्रयासों से साथ आते हैं। करण जोहर की 2001 की हिट फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में दिवाली के सीन को यह दिखाने के लिए प्रयोग किया गया कि रायचंद परिवार के लिए समय किस तरह से बदला? फिल्म में अमिताभ और जया बच्चन द्वारा निभाए गए किरदार दीपावली पूजा करते हैं और उसी दौरान राहुल (शाहरुख खान) की लंबे इंतजार के बाद एंट्री होती है।

**कुछ फिल्मों में जबर्दस्ती दिवाली हुई शामिल:** फिल्मों में दिवाली के संदर्भ घटने के बावजूद हर निर्माता मोटी कमाई करने के उद्देश्य से चाहता यही है कि उसकी फिल्म दिवाली के अवसर पर रिलीज हो। शायद इसलिए दिवाली से संबंधित कोई सीन फिल्म में डाल दिया जाता है, भले ही कहानी से उसका कुछ लेना-देना न हो। 'तारे जमीन पर' (2007) के बाद 2010 में 'आशा' में दिवाली को ऐसा महत्व दिया गया कि उसके सीन का कहानी से कोई संबंध ही नहीं था। इसी तरह वर्ष 1999 की फिल्म 'वास्तव' में पैसे वाला गुंडा बनने के बाद संजय दत्त अपनी चॉल में दिवाली मनाने के लिए आता है, लेकिन उसकी मां उसे भगा देती है कि वह गुंडे से संबंध नहीं रखना चाहती।



हम आपके हैं कौन

**इन फिल्मों में दिवाली रही इंपॉर्टेंट:** कुछ फिल्मों में दिवाली का चित्रण इतना अच्छा किया गया है कि उन्हें देखते हुए ऐसा महसूस होता है, जैसे हम भी उस उत्सव का हिस्सा हों। मसलन, आइकोनिक फिल्म 'मोहब्बतें' साल 2000 में रिलीज हुई थी। इसका दिवाली सीन अपने संवेदनशील ड्रामा और कहानी में बदलाव लाने वाले प्वाइंट के लिए हमारी यादों में हमेशा के लिए बस गया है। इसी तरह 'हम आपके हैं कौन' के दिवाली सीन को भी भुलाया नहीं जा सकता है। फिल्म में प्यारा सा गीत उस समय आता है, जब दिवाली का उत्सव मनाया जा रहा होता है। हास्य फिल्म 'गोलमाल-3' में दिवाली से संबंधित एक यादगार सीन है जिसे देखकर दर्शक हंसते-हंसते लोटपोट हो जाते हैं। तब्बू, जूही चावला और गोविंदा की फिल्म 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' में दिवाली के जश्न से संबंधित एक बहुत ही अच्छा गाना है। कहने का मतलब है कि हिंदी फिल्में दीपावली की जगमगाहट से दमकती रही हैं। *

सेलिब्रेशन

प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

दीपावली की सबसे बड़ी खूबी यह है, यह पर्व हमें आपस में जोड़ता है, खुशियां बांटने का मौका देता है। टीवी कलाकारों के लिए यह क्या मायने रखता है, ये इसे कैसे सेलिब्रेट करते है, इस बार इनकी दीपावली पर क्या खास प्लानिंग है? जानिए उन्हीं की ज़ुबानी।

## टीवी कलाकारों की दीपावली

# आपस में खुशियां बांटने का दिन

### मां लक्ष्मी से प्रार्थना है, सभी का घर सुख-समृद्धि से भरा रहे : आकाश जग्गा



**आजकल** सन नियो के शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बिंदणी' में कुंदन का रोल आकाश जग्गा कर रहे हैं। वह बहुत उत्साहित स्वर में बताते हैं, 'दिवाली का त्योहार धनतेरस से शुरू हो जाता है। हमारे लिए दिवाली की शुरुआत हो जाती थी। हम परंपरा के अनुसार हर साल धनतेरस पर थोड़ा सोना खरीदते हैं। लेकिन अब यह बात समझ आ रही है कि इंसान का असली सोना तो उसका अच्छा स्वास्थ्य है, क्योंकि हेल्थ इज वेल्थ। बचपन में हमारे घर में मिठाइयां बनती थीं। मां और दादी रसोईघर में जब मिठाई बनाती थीं, पूरा घर महक उठता था। बचपन में हमारे लिए त्योहार का मतलब था मस्ती, हंसी-खुशी और खाना-पीना। आजकल मुझे 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बिंदणी' के सेट पर एक नया परिवार मिल गया है। मां लक्ष्मी से प्रार्थना है, सभी का घर सुख-समृद्धि से भरा रहे।' *

### प्रियजनों के साथ बिताए खूबसूरत पलों का नाम है दिवाली

रोहिताश्व गौर



**जब से** एंड टीवी पर शो 'भाभी जी घर पर हैं' शुरू हुआ है, रोहिताश्व गौर ने मनमोहन तिवारी के रोल में खूब रंग जमा रखे हैं। उनके लिए दिवाली का पर्व बहुत खास है। वह बताते हैं, 'हर साल मैं अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ दिवाली बहुत धूमधाम से मनाता हूं। मेरी पत्नी और बेटियां घर को बहुत ही सुंदर ढंग से सजाती हैं। मैं भी इस काम में उनकी मदद करता हूं। मेरी कोशिश रहती है, मैं दिवाली पर जरूरतमंद लोगों को मिठाई और कपड़े बांटकर उनकी मदद करूं। हमारे घर में दिवाली बहुत पारंपरिक तरीके से मनाई जाती है। सुबह से ही त्योहार की तैयारी शुरू हो जाती है। शाम को परिवार के सभी लोग मिलकर गणेशजी-लक्ष्मीजी की पूजा करते हैं। पूजा के बाद घर में दीप जलाते हैं। बच्चे पटाखे छुड़ाते हैं। हमारे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी और पटाखों का त्योहार नहीं, अपने प्रियजनों के साथ बिताए उन खूबसूरत पलों का नाम है, जो रिश्तों को और मजबूत बनाते हैं। मेरी यादगार दिवाली वह थी, जब कुछ साल पहले शो 'भाभी जी घर पर हैं' की पूरी टीम के साथ हमने सेट पर दिवाली मनाई थी। उस दिन शूटिंग खत्म होने के बाद सबने मिलकर पूजा की, मिठाइयां बांटीं और खूब मस्ती की। उस दिन सेट पर परिवार जैसा माहौल था। हंसी-खुशी और अपनापन चारों ओर था। आज भी वह दिवाली मेरी यादों में बसी है।' *

### एकजुटता का प्रतीक है दिवाली

श्रेनु पारिख



**सोनी सब** पर आ रहे शो 'गाथा शिव परिवार कीः गणेश कार्तिकेय' में माता पार्वती की भूमिका निभा रहीं श्रेनु पारिख के लिए दिवाली का पर्व एक अलग ही महत्व रखता है। वह कहती हैं, 'मेरे लिए दिवाली हमेशा एकजुटता का प्रतीक रहा है। मुझे आज भी याद है, बचपन में दादा-दादी के घर जाकर दिवाली मनाती थी। मेरे चाचा तरह-तरह के पटाखे लाते थे। दादी स्वादिष्ट मिठाइयां बनाती थीं, जैसे मगज, घुघरा, बूंदी। दिवाली पर पूरा मोहल्ला दीपकों से जगमगाता था। धनतेरस, दिवाली पर लक्ष्मी पूजन, बाघ बारस पर रंगोली बनाना, ये सब रस्में आज भी मेरी यादों में बसी हैं। आज भी मैं परिवार के साथ उसी खुशी के साथ दिवाली मनाती हूं, जैसे पहले मनाती थी। आज जब मैं 'गणेश कार्तिकेय' शो में माता पार्वती की भूमिका निभा रही हूं तो यह त्योहार और भी खास लग रहा है, जैसे दिव्य प्रकाश हमारा मार्गदर्शन कर रहा हो।' *

### दिवाली पर बड़ों की हर मुस्कान में आशीर्वाद झलकता है

सूरज प्रताप सिंह



**सन नियो** पर प्रसारित हो रहे शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के कलाकार सूरज प्रताप सिंह दिवाली बहुत उत्साह से मनाते हैं, वह बताते हैं, 'मुझे आज भी याद है, धनतेरस से हमारे घर में पूजा शुरू हो जाती थी। बचपन में धनतेरस की शाम को मैं मां के साथ पूजा में बैठता था। वह बहुत आस्था भाव से सिक्कों और गहनों को हल्दी, कुमकुम लगाती थीं। मां घर में सुख-समृद्धि के लिए दिवाली पर लक्ष्मी-गणेश की पूजा करती थीं। मेरे लिए दिवाली परिवार के साथ बिताए ऐसे पल हैं, जिसमें बड़ों की हर मुस्कान में आशीर्वाद झलकता है। इस साल मैं अपने सीरियल के सेट पर साथी कलाकारों के साथ दीपावली मनाऊंगा।' *

### दीपोत्सव हमेशा हमें सकारात्मकता से भरता है : समृद्ध बावा



सोनी सब टीवी के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में अश्विन का किरदार निभा रहे समृद्ध बावा के लिए दिवाली हमेशा से बहुत ही खास पर्व रहा है। वह कहते हैं, 'यह त्योहार मेरे लिए रोशनी, स्वादिष्ट भोजन, मिठाइयां और खूब सारी हंसी-खुशी का त्योहार है। मुझे याद है, बचपन में मैं मां को गुझिया और मिठाइयां बनाने में मदद करता था। त्योहार से पहले घर की सफाई करने में भी मुझे बहुत मजा आता था। आज भी चाहे शूटिंग में कितना भी व्यस्त रहूं, परिवार, दोस्तों के साथ दिवाली जरूर मनाता हूं। दिवाली के दिन लक्ष्मी-गणेश की पूजा करते हैं। परिवार के लोग मिलकर आरती करते हैं। घर का बना खाना खाते हैं। दीपोत्सव हमेशा हमें सकारात्मकता से भरता है।' *






# एनडीए ने प्रचार अभियान किया तेज, वहीं महागठबंधन खुद का वजूद बचाने में जुटा


### शाह का कांग्रेस और आरजेडी पर बड़ा हमला

## एसआईआर पर राहुल के पेट में दर्द हो रहा? हम घुसपैठियों को निकाल रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, सियासत का तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही अब प्रचार अभियान पूरे जोरों पर है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पटना में राहुल गांधी, कांग्रेस, आरजेडी और प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए कई तीखे बयान दिए। शाह ने कहा कि चुनाव आयोग अगर एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से घुसपैठियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू करता है, तो राहुल को पेट में दर्द क्यों हो रहा है? क्योंकि उन्होंने घुसपैठियों के जरिए ही अपना वोटबैंक बनाया है। शाह ने कहा कि जो लोग देश के नागरिक नहीं हैं, वे भारत के प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री नहीं तय कर सकते। चुनाव आयोग जब सख्ती से जांच करता है तो कांग्रेस और आरजेडी को परेशानी क्यों होती है? वजह साफ है-घुसपैठियों को हटाने से उनका वोटबैंक घट जाएगा।

### परिणाम के बाद प्रशांत पर कुछ कहूंगा



शाह से प्रशांत किशोर पर कहा कि अभी चुनाव चल रहे हैं, नतीजों का इंतजार कीजिए। मैं पीके पर तब बोलूंगा जब परिणाम सामने आएंगे।

### वे भेष बदलकर फिर से जंगलराज लाने की कोशिश कर रहे

शाह ने यह दावा भी किया कि एनडीए में किसी तरह का मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां सीटें तय हैं, उम्मीदवार तय हैं, और एकजुट होकर लड़ रहे हैं। लेकिन विपक्ष के पास न नेता तय है, न सीटों का बंटवारा। जनता समझ चुकी है कि कौन स्थिर सरकार दे सकता है। उन्होंने महागठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के नेता भेष बदलकर फिर से जंगलराज लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### हम ध्रुवीकरण नहीं करते, घुसपैठ खत्म कर रहे

शाह ने विपक्ष पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम तो सिर्फ घुसपैठिया कह रहे हैं, धर्म नहीं देख रहे। लेकिन कांग्रेस और आरजेडी उसे मुस्लिमों से जोड़ देती हैं। यही असली ध्रुवीकरण है। हम सिर्फ इतना कह रहे हैं कि जो भी गैरकानूनी रूप से देश में घुसा है, उसे बाहर निकाला जाए।

**गरीबी हटाना हमारा लक्ष्य, गरीबों को हटाना कांग्रेस का**

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को सशक्त करने के लिए कई योजनाएं चलाईं। इसलिए जीविका दीदी को 10 हजार रुपये सेंड मनी के रूप में दिए जा रहे हैं। लेकिन कांग्रेस का मकसद गरीबों को नहीं, बल्कि गरीबों को ही हटाना है।

### अलायंस नहीं संभाल पा रहे राज्य संभालेंगे?

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव पर चुटकी लेते हुए कहा कि उनसे गठबंधन भी नहीं संभल रहा है।



तकरार की खबरें मिल रही है। जिनसे अलायंस नहीं संभल रहा, वो प्रदेश को कैसे संभालेंगे?

**मढ़ौरा से चिराग की कैंडिडेट सीमा का नॉमिनेशन रद्द**

चुनाव से पहले ही एनडीए को बड़ा झटका लगा है। मढ़ौरा विधानसभा सीट से एनडीए की प्रत्याशी और अभिनेत्री सीमा सिंह का नामांकन रद्द हो गया है। बंटवारे में मढ़ौरा सीट चिराग पासवान की लोजपा-आरवी के खाते में गई थी।

### फिर सीएम बनेंगे नीतीश कुमार, त्यागी का दावा

जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि जेडीयू का मानना है



कि पिछले 20 सालों से बिहार की प्रगति नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही संभव हुई है। वे चुनाव का चेहरा होंगे और चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बनेंगे।

### पश्चिमी चंपारण की सभी सीटें जीतेंगे: साहा

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बिहार विकसित होगा



तो देश भी विकसित होगा। नॉर्थ ईस्ट पर पिछली किसी सरकार ने ध्यान नहीं दिया। पश्चिमी चंपारण जिले में विधानसभा में इस बार हम सभी 9 सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।

### एनडीए बड़ी जीत दर्ज कर रहा: रवि किशन

भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि हम बिहार को



जितना जानते हैं तो एनडीए गठबंधन एक बहुत बड़ी जीत की ओर जा रहा है। हम उन क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दें, जहां भाजपा कमजोर है।

### महागठबंधन सीट शेयरिंग को लेकर उलझा

## करीब 7 सीटों पर इंडिया गठबंधन ने एक दूसरे के खिलाफ ही उतार दिए प्रत्याशी



***इन सीटों पर आमने-सामने इंडिया गठबंधन** लालगंज ,वैशाली,राजापाकर, रोसड़ा , बिहारशरीफ, बख्खड़ा और तारापुर सीट ।*

बिहार चुनाव के पहले चरण की 121 पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। 114 सीटों पर महागठबंधन एनडीए से मुकाबला करेगा। जबकि 7 सीटों पर इंडिया गठबंधन आपस में ही मुकाबला करेगा। कांग्रेस ने 48 और वाम दलों ने 18 उमीदवारों के नामों का ऐलान किया है। कांग्रेस और आरजेडी ने 5 सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं। तीन सीटों पर वाम और कांग्रेस, एक सीट पर वीआईपी और आरजेडी में मुकाबला होगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का कहना है कि तेजस्वी यादव महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं ले पा रहे हैं। हम उनके अंतिम फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति पारस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राजेश के खिलाफ तेजस्वी उतारेंगे प्रत्याशी



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कुटुंबा की सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह सुरक्षित सीट है और प्रदेश अध्यक्ष भी दलित समुदाय से आते हैं। आरजेडी ने सुरेश पासवान को उतारने की तैयारी कर ली है।

**बाहुबली की पत्नी को तेजस्वी ने दिया टिकट** कुख्यात बाहुबली अशोक महतो की पत्नी कुमारी अनीता को राजद ने वारिसलीगंज से अपना उम्मीदवार बनाया है। तेजस्वी यादव ने उन्हें पार्टी का सिंबल सौंपते हुए समर्थन भी दिया।

### महागठबंधन से अलग हुई झामुमो



**6 सीटों पर किया ऐलान**

महागठबंधन में तकरार के बीच अब झामुमो ने गठबंधन ने नाता तोड़ने का ऐलान किया है। झामुमो ने शनिवार को घोषणा की कि वह बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगा और 6सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगा।

**और नेताजी ने एक सीट से दो पार्टियों के सिंबल पर किया नामांकन**

चुनाव में सबसे मजेदार बात यह है कि दोनों ही पार्टियों का आपस में गठबंधन है। नेता का नाम नबीन कुमार है जो कि आलमनगर विधानसभा से आरजेडी और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) दोनों के सिंबल पर नामांकन दाखिल किया है।

### माधव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया



कांग्रेस के रिसर्च कमेटी के चेयरमैन और प्रवक्ता आनंद माधव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया, साथ ही राहुल गांधी को लेटर भेजा है। उन्होंने बयान दिया कि-आलाकमान 33000 से हारे व्यक्ति को टिकट दे सकते हैं और 113 बूथ से हारे हुए व्यक्ति को टिकट नहीं दे सकते है।

### कांग्रेस विधायक अफाक ने नेतृत्व पर लगाए गंभीर आरोप



पूर्णिया के कस्बा से कांग्रेस विधायक अफाक आलम ने पार्टी के शीर्ष नेताओं के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्ण अलवरू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. पैसे लेकर विधानसभा का टिकट बेचने का आरोप लगाया है।

### भड़काऊ पोस्ट न करें, 6 पर एफआईआर , 22 को नोटिस

चुनाव आयोग के निर्देश पर फेसबुक, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे इंटरनेट प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक, भड़काऊ या भ्रामक सामग्री डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो चुकी है।बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने अब तक 22 आपत्तिजनक लिंक के आधार पर 14 सोशल मीडिया हैंडलर्स के खिलाफ छह प्राथमिकी दर्ज की हैं।

## खबर संक्षेप

### राज्यपालों के जरिए अराजकता फैलाई जा रही

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर राज्य के



साथ गहरा पक्षपात करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री हमारे बच्चों को अंधविश्वास क्यों सिखा रहे हैं? विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों में राज्यपालों के जरिए अराजकता क्यों फैलाई जा रही है? कानूनों के नाम हिंदी-संस्कृत में लिख रहे।

### दिवाली पर उपहारों की खरीद में आई तेजी

**नई दिल्ली।** दिवाली का पर्व नजदीक आते ही उपहारों की खरीदारी में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। इस बार लोग पारंपरिक मिठाइयों और सूखे मेवों के साथ-साथ सजावटी वस्तुएं, पूजा सामग्री, तकनीकी उपकरण और स्वास्थ्य से जुड़े उत्पादों को भी उपहार स्वरूप पसंद कर रहे हैं। हर साल की तरह इस बार भी दिवाली की भीड़ अपने चरम पर है। लोग आखिरी वक्त में सही उपहार खोजने की दौड़ में लगे हैं। इस बार 25-30 प्रतिशत ब्रिक्री बढ़ी।

### मलाड में गोदामों में आग, 20 दुकानें जलीं

**मलाड।** मुंबई के मलाड (पूर्व) स्थित पठानवाडी के संजय नगर, पिंप्रीपाड़ा इलाके में शनिवार को



आग लगने की घटना सामने आई। आगसे कई गोदाम और 15 से 20 दुकानें प्रभावित हुईं। दमकलकर्मी आग बुझाने में लगातार जुटे रहे। फिलहाल, आग से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, जो एक राहत भरी बात है।

### जीएसटी में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी सुधारों



का लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है। जीएसटी बचत उत्सव पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार 22 सितंबर को जीएसटी की कम दरें लागू होने के बाद से देश भर में 54 वस्तुओं की कीमतों पर नजर रख रही है।

### अंतरराष्ट्रीय यात्री को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने का मामला

## हवाईअड्डों पर अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के प्रति संवेदनशील बनाने की जरूरत बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उन्होंने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) रॉकी अब्राहम की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। अब्राहम पिछले बीस वर्षों से इटली में बसे भारतीय नागरिक हैं। बताया जा रहा है कि जनवरी 2025 में अब्राहम को दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर काम करने वाली क्षेत्रीय एजेंसियों के लिए यह बेहद जरूरी है कि वे अपने अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के बारे में पहले से ही संवेदनशील बनाएं, खासकर तब जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय यात्री को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने जैसा गंभीर कदम उठाने जा रहे हों।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उन्होंने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) रॉकी अब्राहम की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। अब्राहम पिछले बीस वर्षों से इटली में बसे भारतीय नागरिक हैं।जनवरी 2025 में अब्राहम को दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था। उस पर आरोप था कि वह अपने सामान में हिरण की सींग लेकर जा रहे थे, जो कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत प्रतिबंधित है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बैग से सींग बरामद होने के बाद उसके खिलाफ इस अधिनियम की धारा 39, 49 और 51 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी और उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### शीर्ष कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने यह टिप्पणी की

शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिकारियों को पहले जानकारी होनी चाहिए

जनवरी 2025 के मामले में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की



**आपराधिक कार्यवाही को कर दिया रद्द**

### अब्राहम करीब दो हफ्ते तक हिरासत में रहे

अब्राहम करीब दो हफ्ते तक हिरासत में रहे। इसके बाद उन्हें कड़ी शर्तों के साथ जमानत मिली, जिसमें भारत छोड़ने पर प्रतिबंध भी शामिल था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि डीएनए जांच के अनुसार जो वस्तु उसके पास मिली, वह वास्तव में रेंडियर (हिरण परिवार का सदस्य) की सींग थी, जो भारत के वन या वन्यजीव कानूनों का उल्लंघन नहीं करती।

### सभी कार्यवाहियों को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए खारिज किया


इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने अब्राहम की गिरफ्तारी, प्राथमिकी और उनके खिलाफ सभी कार्यवाहियों को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए उन्हें रद्द कर दिया। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने अब्राहम की गिरफ्तारी, प्राथमिकी और उनके खिलाफ सभी कार्यवाहियों को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए उन्हें रद्द कर दिया।

### अधिकारी सोच-समझकर और कानूनी सलाह लेकर काम करें

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यह कोर्ट महसूस करता है कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से जुड़े मामलों को देखने वाली एजेंसियों को अपने अधिकारियों को मौजूदा कानूनों की सही जानकारी देना जरूरी है, ताकि वे गिरफ्तारी जैसे सख्त कदम उठाने से पहले सोच-समझकर और कानूनी सलाह लेकर काम करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे गलत फैसलों से देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचता है और संबंधित अधिकारियों का व्यवहार मानवाधिकारों के उल्लंघन की श्रेणी में आ सकता है।

### महाराष्ट्र के नंदुरबार में भीषण हादसा

## वाहन खाई में गिरा, 8 की मौत, दर्शन कर लौट रहे थे



एजेंसी ▶▶ नंदुरबार

महाराष्ट्र में भीषण हादसा हुआ है, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा नंदुरबार जिले में हुआ है, जब एक वाहन चंदशाली घाट पर एक खाई में गिर गया। महाराष्ट्र पुलिस ने शनिवार को घटना की जानकारी दी। यह घटना शहादा पुलिस थानाक्षेत्र में हुई। बाताया जा रहा है कि अस्तंबा देवी के मंदिर में दर्शन करके लौट रहे थे। अस्तंबा देवी की यात्रा का महत्व आदिवासी समुदाय में काफी ज्यादा है। गुजरात और महाराष्ट्र से यहां पर बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। वहीं, जिस चांदशैली घाट पर यह हादसा हुआ है, वह भी बेहद खतरनाक है। यहां पर चढ़ाई बहुत रिस्की है और कई जगहों पर खड़ी चढ़ाई है। इसलिए हादसे का डर बना रहता है।

### चढ़ाई के दौरान वाहन ने खोया नियंत्रण

मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वाहन में सवार सभी लोग अस्तंबा देवी के दर्शन के लिए गए थे। वापसी के दौरान यह हादसा हुआ। वाहन चालक ने चढ़ाई के दौरान अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में गिर गया। पुलिस के मुताबिक यह खाई काफी गहरी थी। हादसा इतना भीषण था कि वाहन में सवार लोग उसमें से निकल-निकलकर बाहर गिर पड़े। वाहन भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस भीषण हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### उधर, साबरकांठा में दो गुट भिड़े

**जमकर हुआ पथराव और आगजनी, पुलिस बल तैनात**



**साबरकांठा।** गुजरात के साबरकांठा के माजरा गांव में शुक्रवार रात 2 गुटों के बीच हिंसा भड़क गई। हिंसक झड़प में लगभग 10 लोग घायल हुए हैं। घटना में 20 से अधिक दोपहिया वाहन, 10 से अधिक चार पहिया वाहन और कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। घरों में तोड़फोड़ की गई। लगभग 120 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अब तक करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### जयराम का पीएम मोदी पर तंज

## ऑपरेशन सिंदूर- रूस से तेल खरीद पर मौनी बाबा बन गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से हालिया समय में भारत के संबंध में किए गए दावों को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा।

कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि हर बार जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह दावा करते हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रोक दिया या भारत रूस से तेल आयात घटा देगा, तब प्रधानमंत्री अचानक 'मौनी बाबा' बन जाते हैं। ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि उनके अच्छे दोस्त ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से तेल आयात कम करेगा।



### चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ा

उन्होंने कहा कि लेकिन जब ट्रंप कहते हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रोका या अब जब वे कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल आयात घटाएगा, तो वह 'अच्छे दोस्त' मौनी बाबा बन जाते हैं। अपने पोस्ट में लिखा कि अप्रैल से सितंबर के बीच भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 54.4 अरब डॉलर तक बढ़ गया है।

### वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के खजाने पर रहस्य

## काला सांप देख डरकर भागी टीम, वनकर्मियों ने किया रेस्क्यू

### हाई पावर्ड मंदिर प्रबंधन कमेटी के आदेश पर धनतेरस पर खजाना खोला

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

यहां के ठाकुर श्रीबांकेबिहारी जी महाराज के मंदिर में पिछले 54 वर्षों से बंद पड़े तोशखाने (खजाना) का रहस्य वर्षों से गहराया हुआ है। अब हाई पावर्ड मंदिर प्रबंधन कमेटी के आदेश पर धनतेरस पर ये खजाना



खोला गया। वहीं गोस्वामी हंगामा कर रहे हैं। उनकी मांग है कि ताशखाने के अंदर जो भी प्रक्रिया की जा रही है, उसे मंदिर के बाहर स्क्रीन लगाकर लाइव किया जाए।इस दौरान काला सांप निकल आया, जिससे कार्य कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ। सांप के डर की वजह से टीम वहां से भाग खड़ी हुई। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने सांप को खजाने के अंदर से रेस्क्यू किया। इसके बाद टीम फिर से खजाने के अंदर घुसी। सामान निकालने का कार्य किया।

### खजाने से निकाला ये सामान




बांकेबिहारी मंदिर का शनिवार को खजाना खुला। इसमें से अब तक 1 लकड़ी का संदूक, टूटे कुंडे, 3 देग, 3 बड़े कलश, 1 परात, 4 बड़े पत्थर गोलाकार, 1 तख्त बड़ा लकड़ी का मिला। वहीं संदूक में 2बक्से गहने रखने वाले, 2 फरवरी 1970 का पत्र, एक चांदी का छोटा सा छत्र मिला है।

**खजाना 54 साल से बंद था**

तोशखाने में प्रवेश करने के लिए पहुंची टीम को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खजाना 54 वर्षों से बंद पड़ा था। इस बारे में किसी को भी जानकारी नहीं थी। जब खजाने का दरवाजा खोला गया तो धूल और गंदगी के साथ गैस भी बन गई थी। ऐसे में टीम को काफी सावधानी के साथ अंदर प्रवेश करना पड़ा। फावड़ा चलाकर मिट्टी को हटाया गया।

### यह अंतिम बार 1971 में खोला गया


इतिहासकार के अनुसार वर्ष 1971 में तत्कालीन मंदिर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष प्यारेलाल गोयल के नेतृत्व में अंतिम बार तोशखाना खोला गया था। ऐसे में कुछ सामान एक सूची बनाकर संपूर्ण सामान को एक बक्से में सील सहित बंद कर मथुरा की भूतेश्वर स्थित स्टेट बैंक में जमा कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि मौजूदा मंदिर के निर्माण के वक्त इसमें पूजित करके खजाना स्थापित किया गया था। उसके बाद ठाकुरजी पर चढ़ाए गए पन्ना निर्मित मयूराकृति हार सहित अनेक आभूषण, चांदी, सोने के सिक्के, भरतपुर, करौली, ग्वालियर आदि रियासतों द्वारा प्रदत्त दान-सेवा पत्र भी रखे गए थे।



# मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी

अर्थ : जो मंगल करने वाले और अमंगल को दूर करने वाले हैं, वो दशरथ नंदन श्री राम हैं, वो मुझ पर अपनी कृपा करें।

## आत्ममंथन का दीप जलाएं



दीपोत्सव

मुनीष भाटिया

स्वतंत्र पत्रकार

आज समाज में चहुँ ओर हिंसा, अराजकता व झूठ का बोलबाला है। युद्ध और आतंकवाद के वातावरण में इंसानियत को तार-तार किया जा रहा है। हिंसा और नफरत भरे माहौल के कारण ही आज ऐसा वातावरण बन रहा है कि इंसानियत और हैवानियत की दूरियां कम होती जा रही हैं। यह सच है कि जब समाज में हिंसा, नफरत, और अराजकता का बोलबाला होता है, तो इसका असर हर व्यक्ति पर पड़ता है। हमारे मन में जमा नकारात्मकता और दूसरों पर दोषारोपण की प्रवृत्ति समाज में नैतिकता के स्तर को गिरा रही है। कहते हैं कि 'आत्मनिरीक्षण ही आत्म-सुधार का पहला कदम है।' यदि हम अपने दोषों और कमजोरियों को पहचान कर उनमें सुधार लाने की कोशिश करें, तो इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। मन में व्याप्त अमावस का ही परिणाम है कि हम दूसरे के दोषों की चर्चा तो खूब करते हैं किन्तु अपनी गलतियों पर पर्दा डाल लेते हैं। दूसरों के दोष तो हमें नजर आ जाते हैं किन्तु स्वयं का बड़े से बड़े अपराध का भी हम आत्मनिरीक्षण करने की कोशिश तक नहीं करते। आज के गिरते मानवीय जीवन चरित्र को देखते हुए यह धारणा प्रबल हो चली है कि 'दोस पराए देखि करि चला हसंत-हसंत' अर्थात यह मनुष्य का स्वभाव है कि जब वह दूसरों के दोष देखकर हंसता है, तब उसे अपने दोष याद नहीं आते जिनका न आदि है न अंत। दूसरों के दोषों को देखने के बजाय यदि हर व्यक्ति अपने मन की 'अमावस' को दूर कर, उसे सच्चाई और मानवता के उजाले में बदलने का प्रयास करे, तो यह न केवल समाज के लिए बल्कि स्वयं के लिए भी अत्यंत लाभकारी होगा। हमें अपने मन को अशांति और द्वेष से मुक्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। इसी सोच के साथ नैतिकता और इंसानियत की ओर एक कदम बढ़ाकर हम एक सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। दूसरों के प्रति अपने दुर्व्यवहार व अपने दोषों अनुसार सामाजिक मूल्यों के संदर्भ में कबीर द्वारा कही गई वाणी अपने याद न आवई जाको आदि न अंत' यह एक विडंबना ही कही जाएगी कि आत्म निरीक्षण व आत्म विश्लेषण कर अपनी गलतियों को सुधारने की बजाए हम अपने विवेक दर्पण में वही सब कुछ देखना चाहते हैं जैसा हमारा मन करता है। कबूतर की तरह आँख मूंदे रहने की भावना ने समाज को किंकर्तव्यविमूढ़ बना दिया है। राजनीतिक रूप से बदले की भावना इतनी प्रबल हो चली है कि नैतिकता के सभी आयाम को चुनौतियां दी जा रही हैं। अपने मन की अमावस में आत्ममंथन का दिया जलाने का रत्ती भर बी प्रयास नहीं करते। निज की स्वस्थ आलोचना कर व अपने गुण दोषों को हम देखना भी नहीं चाहते। यही कारण है कि सामाजिक अपराधों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। परिवार, उसकी प्रथम इकाई होने के कारण, महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि परिवार में ही अपराध, हिंसा, और महिलाओं के प्रति शोषण जैसी घटनाएं होती हैं, तो समाज पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। घरेलू हिंसा, महिला एवं बाल यौन उत्पीड़न जैसी घटनाएं न केवल पीड़ित के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गहरा आघात होती हैं।



### नैतिक पतन

आज के समय में, शीर्ष नेताओं और जनप्रतिनिधियों में आत्मनिरीक्षण की कमी और प्रतिशोध की भावना का बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। समाज में जो अपराध और अनैतिकताएं बढ़ रही हैं, वे कहीं न कहीं उन व्यक्तियों के नैतिक पतन को दर्शाती हैं जो समाज का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी निभाते हैं। यदि शीर्ष पर बैठे लोग ही नैतिकता के उच्च मानदंडों का पालन नहीं करेंगे, तो यह समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा, और फिर आम जनमानस में भी अनुशासन और संवेदनशीलता का अभाव उत्पन्न होने लगेगा। जब व्यक्ति अपने भीतर झांककर अपनी कमजोरियों और कमियों को पहचानने और उनमें सुधार करने का प्रयास करता है, तो वह समाज के लिए एक उदाहरण बनता है।

### आत्मनिरीक्षण जरूरी

परिवार में आत्मनिरीक्षण और अपने व्यवहार की समीक्षा की भावना को विकसित करने की आवश्यकता आज के समय की मांग है। जब हम अपने हृदय को एक दर्पण मानकर अपनी क्रियाओं को देखते हैं, तो हमें अपने आचरण की सच्चाई का पता चलता है। यह आत्मनिरीक्षण हमें न केवल हमारे दोषों का ज्ञान कराता है, बल्कि उन्हें दूर करने की प्रेरणा भी देता है। किसी भी व्यक्ति से किया गया व्यवहार चाहे अनजाने में हो या जानबूझकर, यदि उस व्यवहार में किसी प्रकार की ठेस पहुंचती है, तो यह हमारे लिए चेतावनी है कि हमें अपने व्यवहार में सुधार की आवश्यकता है। एक शांत और सजग मन से अपने व्यवहार पर विचार करना हमें आत्म-सुधार के मार्ग पर ले जाता है। इस तरह का आत्मनिरीक्षण हमारी मानसिकता को बदलने और हमारे व्यवहार को अधिक सकारात्मक, सहनशील, और दयालु बनाने में सहायक होता है। यदि हम सभी लोग इस दिशा में बढ़ें, तो निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव आएंगे और साथ ही संतुष्टि व आंतरिक शांति का अनुभव भी होगा।

## भारतवंशी राजनयिक भी यहां मनाते हैं दिवाली



विरासत

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

लघु भारत कहलाने वाले मॉरीशस, सूरीनाम, फीजी, त्रिनिडाड और टोबैगो तथा गुयाना के भारतवंशी राजनयिक राजधानी दिल्ली में अपने-अपने देशों की एंबेसियों में दीपोत्सव मनाएंगे। राजधानी में इस वक्त करीब दो सौ भारतवंशी राजनयिक काम कर रहे हैं। भारतीय संसार के कोने-कोने में जाकर बसे, पर दिवाली उनके साथ रही। अगर उन्हें प्रकाश पर्व अपने पुरखों के देश में मनाने का अवसर मिले तो उनकी खुशी कई गुना बढ़ जाती है। इस बीच, पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या की हॉकी टीम के पूर्व कप्तान अवतार सिंह सोहल इस बार दिवाली चंडीगढ़ में मना रहे हैं। उनके पुरखे 1920 में पंजाब के जालंधर शहर से केन्या जाकर बस गए थे। पूर्वी अफ्रीकी देशों जैसे केन्या, युगांडा और तंजानिया में बसे सभी भारतवंशियों के लिए साझा उत्सव बन चुका है दिवाली का पर्व। इसने धार्मिक सीमाओं को लांघ लिया है। पूर्वी अफ्रीकी देशों में भारतीय 1896 से लेकर 1920 तक रेलवे का नेटवर्क स्थापित करने के लिए गए थे। त्रिनिडाड-टोबैगो के पूर्व प्रधानमंत्री वासुदेव पांडे ने एक बार अपने देश के वसंत विहार में स्थित दूतावास में आयोजित दिवाली समारोह को दिखाया था। तब यहां त्रिनिडाड के राजदूत पंडित मणिदेव प्रसाद तिवारी दूतावास की इमारत के बाहर रंगोली बनवाते थे और वैष्णव भोजन की दावत देते थे। वे कहते थे कि दिवाली का अर्थ बहुत व्यापक है- यह अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। अंधकार जीवन के हर कोने में फैला होता है, जबकि प्रकाश सीमित। रात दिन से पहले और बाद में आती है, जो अंधकार की प्रबलता दर्शाती है। ऐसे गहन संदेश वाले इस त्योहार को हर कोई मनाना चाहता है। यह प्रकाश पर्व हमें भारत के पवित्र मूल्यों की याद दिलाता है, जरूरतमंदों की मदद करना, अंधेरे पर रोशनी चुनना, ज्ञान और बुद्धिमत्ता की खोजकरना, तथा अच्छाई और करुणा का स्रोत बने रहना। इसे केवल हिंदू धर्म तक सीमित करना उचित नहीं। नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वी.एस. नायपाल ने भी यहां एक बार दिवाली डिनर में शिरकत की है। आजकल दक्षिण अफ्रीका के भारत में राजदूत भारतवंशी हैं। नाम है अनिल सूकलाल। उनके दफ्तर में गांधी जी और नेल्सन मंडेला की फोटो लगी हैं। अनिल जी के पुरखे मूल रूप से पूर्वी उत्तरप्रदेश से थे। वे बताते हैं कि उनका भारत में दिवाली पर्व को मनाने का सपना पूरा हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका के दूतावास में भी भारतवंशी हैं। इनके पुरखे अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार या आंध्र प्रदेश से हैं। माना जाता है कि भारत से बाहर सर्वाधिक भारतीय मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका में ही हैं। दोनों देशों में इनका आंकड़ा 15-20 लाख के आसपास है। दक्षिण अफ्रीका से भारत इसलिए भी अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। मॉरीशस के नई दिल्ली स्थित दूतावास में दिवाली की गहमा-गहमी कई दिन पहले शुरू हो जाती है। दिवाली से एक दिन पहले पूजन होता है। कुछ साल पहले तक तो इसमें राजधानी में रहने वाले प्रमुख भोजपुरी समाज की विशिष्ट हस्तियों को भी आमंत्रित किया जाता था। जब तक अनिरुद्ध जगन्नाथ देश के राष्ट्रपति थे तब तक करोल बाग में रहने वाले एक मल्होत्रा परिवार को मिठाई के डिब्बे और लक्ष्मी पूजा की सामग्री भेजी जाती है। अनिरुद्ध जगन्नाथ की पुत्री शालिनी का विवाह 1983 में करोल बाग के डॉ.कृष्ण मल्होत्रा से हुआ था। मुंबई में रहने वाले प्रख्यात ज्योतिषि पंडित जयप्रकाश शर्मा लालधागे वाला ने कुछ विदेशी दूतावासों में दिवाली पर होने वाले आयोजनों में शिरकत की है। वे कहते हैं कि इन देशों के भारतवंशियों ने सनातन धर्म के संस्कारों से अपने को दूर नहीं किया है। ये बहुत आस्थावान हिन्दू हैं। गिरमिटिया योजना 1834 से 1920 तक चली, जिसमें करीब लाखों भारतीय यहां आए। कुछ वर्ष पहले तक युगांडा दूतावास में राजदूत जी.एस. ढिल्लो नाम के एक सिख सज्जन थे। वे दीपोत्सव से पहले एक दिवाली भोज का आयोजन करते थे। मॉरीशस के साथ-साथ, सूरीनाम, कैरेबियाई द्वीप देश त्रिनिडाड-टोबैगो,गुयाना और फीजी को 'लघु भारत' कहा जा सकता है। इन सब देशों के राजधानी में रहने वाले राजनयिक हर साल दिवाली मनाते हैं। गुयाना में बीते कुछ हफ्ते पहले भारतवंशी इरफान अली देश के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए हैं। सिंगापुर,मलेशिया, कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के दूतावासों में कुछ भारतवंशी राजनयिक हमेशा तैनात होते हैं। इसलिए वे भी यहां दिवाली प्रेम और उत्साह से मनाते हैं। आखिर यह उनकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

*सिंगापुर, मलेशिया, कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के दूतावासों में कुछ भारतवंशी राजनयिक हमेशा तैनात होते हैं। इसलिए वे भी यहां दिवाली प्रेम और उत्साह से मनाते हैं। आखिर यह उनकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।*

## सैनिकों संग दीपावली



पर्व

डॉ. मोनिका शर्मा

स्वतंत्र पत्रकार

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के चौदह वर्ष के वनवास की समाप्ति और राक्षस राजा रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या वापसी के उपलक्ष्य में दीपावली का पर्व मनाया जाता है। परंपरागत रूप से देखा जाए तो दीपावली के त्योहार पर आज भी लोग अपने गाँव-घर जाते हैं। देश के किसी हिस्से से ही नहीं विदेशों में बसे लोग भी अपनों के साथ दीपोत्सव मनाने अपने आँगन में लौटते हैं। त्योहार की इस उत्सवीय रौनक के बीच इस ओर ध्यान जाना लाजिमी है कि सीमाओं पर डटे सैनिक दिवाली का उत्सव मनाने के लिए अपने घर नहीं लौट पाते। देश के दूर-दराज़ के हिस्सों में तैनात हमारे सैन्य बल अपने परिवार के साथ पर्व-त्योहार नहीं मना पाते पर आमजन को बिना किसी भय के त्योहार मनाने का भरोसा अवश्य देते हैं। राष्ट्र की सुरक्षा की लिए सीमा पर उनकी मौजूदगी हर नागरिक के मन में सुरक्षा के प्रति विश्वास की उजास भरती आई है, भरती रहेगी। ऐसे में यह सुखद और सराहनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी हर वर्ष दीपावली का पर्व सैन्य बलों के साथ मनाते हैं। देश के किसी ना किसी हिस्से में राष्ट्र रक्षा में डटे सैनिकों के साथ इस पावन उत्सवीय भाव को साझा करते हैं। उनके इस जुड़ाव को सैनिकों के सम्मान और देश के नागरिकों के भाव सैनिकों के साथ होने के प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है। ज्ञात हो कि पिछले साल पीएम मोदी ने दिवाली पर गुजरात के कच्छ में जवानों के साथ समय बिताया था। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी देश की सीमाओं, संघर्षशील मोर्चों और दूर-दराज़ के इलाकों में डटे सैनिकों के साथ दीपोत्सव मनाते रहे हैं। सेना के जवानों के बीच दिवाली मनाने की इस परंपरा को निभाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पहली दिवाली लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में सैनिकों के साथ मनाई थी। वहीं वर्ष 2015 में अमृतसर के डोगराई वॉर मेमोरियल में शहीदों का स्मरण कराते हुए तो 2016 में हिमाचल प्रदेश के सुमडो में सेना और बीएसएफ जवानों संग दीपोत्सव मनाया। गौरतलब है कि 2017 में जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर और 2018 में उत्तराखंड के हर्षिल में आईटीबीपी कर्मियों के साथ दीपों की उजास के इस उत्सव में शामिल हुए। 2020 में कोरोना के संकट के समय भी दिवाली पर पीएम राजस्थान के जैसलमेर की लोंगेवाला पोस्ट पर जवानों से मिले थे। वहीं 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में जवानों के साथ दिवाली मनाई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ साल पहले आमजन से भी सैनिकों को दीपावली पर संदेश भेजने की अपील की थी। शुभकामनाओं की उजास हमारे जवानों तक पहुंचाने की इस अपील के बाद लाखों लोगों ने सैनिकों के प्रति आभार जताने और उनकी बदौलत खुद को सुरक्षित महसूस करने वाले भावों के साथ-साथ उनकी कुशलता की कामना करने वाले संदेश भेजे थे।

*दूर-दराज़ के हिस्सों में तैनात हमारे सैन्य बल अपने परिवार के साथ पर्व-त्योहार नहीं मना पाते पर आमजन को बिना किसी भय के त्योहार मनाने का भरोसा अवश्य देते हैं।*

## खुशियों के पर्व दीपावली पर दीप जलाएं, पटाखे नहीं



अपील

डॉ. घनश्याम बादल

पर्यावरण चिंतक

आज दीपावली धूम धड़ाके, रोशनी एवं पटाखों का सबसे बड़ा उत्सव बनकर सामने है व्यापार, बाज़ार एवं सरकार तथा धार्मिक संस्थान सब दीपावली को अपने तरीके से परिभाषित करते रहे हैं लेकिन जैसा कि नाम से स्पष्ट है दीपावली दीपों का पर्व है और इसका वर्णन पुराणों में भी दीपपर्व के रूप में मिलता है न कि पटाखा पर्व के रूप में। दिवाली शब्द संस्कृत के दो शब्दों 'दीवा' और 'अवली' यानि पंक्ति से मिलकर बना है जिसका एक अर्थ है कि पंक्ति में रखे हुए दीपक।

### रोशनी और दीपक

स्कन्द पुराण में दीपक को रोशनी का प्रतिनिधि माना गया है। इतिहास की मानें तो सातवीं शताब्दी के संस्कृत नाटक नागनंद में राजा हर्ष ने दिवाली के पर्व को 'दीपप्रतिपादुत्सवः' बताया है। जनश्रुतियों के अनुसार चौदह वर्ष के वनवास के बाद जब श्रीराम 14 वर्ष के वनवास पश्चात रावण का वध करके लक्ष्मण व सीता सहित अयोध्याआ लौटे तो उनके स्वागत में अयोध्या नगर को दीयों से जगमगाया गया था तभी से हिंदू धर्म में यह पर्व मनाया जाने लगा। एक मिथक यह भी है कि आज के दिन धन की देवी लक्ष्मी उल्लू पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर आती है और धन संपदा का वितरण करती है।




दीप जलाने के अलावा दीपावली से पहले साफ-सफाई व घर तथा व्यापारिक संस्थानों की सजावट करना, नए कपड़े पहनना, पकवान व मिठाई खाना,मां लक्ष्मी की पूजा करना आदि समय के साथ परंपरा रूप में जुड़ते चले गए। दिवाली से जुड़ी ऐसी ही एक और परंपरा बन गई है, पटाखे जलाना। उच्चतम न्यायालय व कई राज्य सरकारों द्वारा वायु प्रदूषण रोकने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद पटाखे जलाना आज भी दिवाली समारोह का एक अभिन्न हिस्सा है।

### कब व कहां से आए पटाखे

इस बात का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है कि कब पटाखे जलाना दिवाली का हिस्सा बन गया मगर इतिहासकारों के अनुसार आतिशबाजी का उपयोग 1400 ईस्वी के बाद शुरू हुआ। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले बारूद के आविष्कार और धमाकों ने लोगों को भयभीत भी किया और मोहित भी शायद इसी से दीपावली पर भी बारूद या पोटाश के बने हुए पटाखे चलाए जाने लगे मगर दिवाली के दौरान पटाखों का उपयोग 18वीं शताब्दी से पहले शुरू नहीं हुआ था तब मराठा शासकों ने आम जनता के लिए आतिश बाजी का आयोजन किया था। आज़ादी के बाद भारतीय उद्योगों ने पटाखों का निर्माण शुरू किया और वे जल्दी ही लोगों के बीच लोकप्रिय हो गए।

## अथाह आनंद, शांति व संतुष्टि के पर्याय त्योहार का महत्व



उजाला

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

ऋतुचक्र अव्यवस्थित है। मेरे जीवनकाल में संभवतः प्रथम अवसर है, जब निज दृष्टि दशहरा से लेकर दिवाली तक के दिवसों में वर्षा, आँधी, चक्रवात, भूस्खलन, मेघ विस्फोट, अतिवृष्टि तथा तुषारापात की साक्षी बनी है। रामलीला आरंभ होने की अवधि से लेकर दिवाली तक तो ऋतु समशीतोष्ण हुआ करती थी। श्रावण, भाद्रपद व अश्विन माहों द्वारा उत्पन्न प्राकृतिक संपदायें एकत्र करने की ऋतु होती थी कार्तिक। किंतु इस वर्ष ये क्या हो गया! संपूर्ण हिमालयी पर्वत श्रृंखला पुष्प की भाँति हो गई है। पर्वत-पर्वत तुषारावृत्त हैं। वहाँ से लेकर मैदानी नगरों-महानगरों तक शीत लहर परिव्याप्त है। कार्तिक माह में ही धरा अति नम होकर मनुष्य की संतुलित मनोवृत्ति को खंडित कर रही है। प्रायः समशीतोष्ण ऋतु प्रभाव से संतुलित रहने वाले संवेदनशील मनुष्यों के मन, हृदय व आत्मा, तीनों प्रस्तर अवसादग्रस्त हैं। हाँ, जो मानव मशीनी सोच-विचार व वैज्ञानिक मस्तिष्क के साथ जीवन में उपस्थित हैं, उन पर ऐसे ऋतु असंतुलन का कोई व कुछ भी अच्छा-बुरा प्रभाव नहीं है। वे अपने भ्रमित, स्वप्निल, क्षणभंगुर व समाप्त प्रायः जीवन को चिर-स्थिर समझ कर धन-संसाधन एकत्र करने की गतिविधियों में संलिप्त हैं। वे विस्मृतियों के पुतले बनते जा रहे हैं। उन्हें व्यतीत दिवस, रात्रि, सप्ताह, माह, वर्ष, पंचतत्वों, जीवन व जैविक गतिविधियों से कोई सरोकार नहीं है। वे प्रगतिवान हैं। वे आगे बढ़ रहे हैं। लक्ष्यहीन होकर कहाँ जा रहे हैं, ये न उन्हें ज्ञात है तथा ना ही उनके आधुनिक मार्गदर्शकों को। इन दिनों दिवाली के स्वागत-कार्यक्रम हो रहे हैं। भारतवर्ष प्राकृतिक एवं आधुनिक आपदाओं को भूलकर हर्षोल्लास में डूबा हुआ है। ऐसा होना स्वाभाविक है। कार्तिक माह का दीपोत्सव है ही ऐसा, जो बीती कितनी ही समस्याओं व दुःखों को भुलाकर आधुनिक ढंग से ही सही, किंतु एक उत्सवजन्य प्रेरणा तो प्रदान करता ही है। आज से बीस, तीस, चालीस या अधिक वर्ष पीछे लौटकर कार्तिक मास के दीपोत्सवी अनुभवों का स्मरण करें तो मन-हृदय व्याकुल हो उठते हैं। तब क्या ऋतु छवि होती थी! कार्तिक मास व्यस्त समय होता था! जन-जन अक्षत खाद्यान्न श्रृंखला के अनेक उत्पादों को एकत्र-संग्रहीत करने खेतों में कार्यव्यस्त होते थे। धान की मनहर सुगंध वायु में प्रसारित रहती थी। जीवन प्राकृतिक व्यवस्था के अधीन एक अथाह आनंद, शांति व संतुष्टि का पर्याय हुआ करता था। कार्तिक माह में जलवायु अनुकूल होती थी। न अधिक ग्रीष्म और न अधिक शीत। पूर्णतः समशीतोष्ण। अधिसंख्य मानवों के तन स्वस्थ एवं मन शांत-संतुलित होते थे। दीपावली से एक माह, एक सप्ताह पूर्व का वातावरण कितना उमंगित हुआ करता। प्रमुख खाद्यान्न के रूप में धान की कटाई, छंटाई, एकत्रीकरण एवं भंडारण की गतिविधियां लोकोत्सव में परिवर्तित रहतीं। खेत-खलिहान लोक संस्कृति के वाहक हुआ करते। गीत-संगीत में विशुद्ध मानवता से लेकर पवित्र प्रेम तक के गहन अनुभव होते। संपूर्ण ग्रामीण जीवन किसी स्वर्गिक चलचित्र की भांति प्रदर्शित होता। प्रकृति का मान-सम्मान, स्वागत-सत्कार तथा ऋतुगत अभिवादन-अभिनंदन होता। दुर्गुणों से मानव दूर होता। दीपावली में ग्रामीण हाट-मेले व्यापार व वाणिज्य के स्वदेशी संस्करण बने रहते। यह उपक्रम सदियों से एक महान परंपरा में परिवर्तित होता रहा, जो आधुनिक विसंगतियों के साथ संपन्न तो आज भी रहा है, किंतु अब इसमें महानता व गंभीरता अदृश्य है। अब यह एक व्यावसायिक औपचारिकता हो गया है। अब यह एक नीरस उत्सवी अभ्यास हो चुका है, जो लोक संस्कृतियों, प्रकृतिवत होने की जीवन-युक्तियों, मानवता-सज्जनता की संगतियों से पृथक हो चुका है। अब दिवाली के लिए जो व जैसी भी आधुनिक परिस्थितियां हों अथवा जैसी भी प्राकृतिक विकृतियां उपस्थित हों, दीपक के प्राकृतिक एवं पुरुषोत्तम महत्त्व के साथ मनुष्यों का जुड़ाव आवश्यक है। मानवों के अंदर धीरे-धीरे समाप्त होते मानवीयता के गुणों की रक्षा के लिये अब दिवाली जैसी पारंपरिक पद्धतियों का ही सहारा है।



**अब दिवाली के लिए जो व जैसी भी आधुनिक परिस्थितियां हों अथवा जैसी भी प्राकृतिक विकृतियां उपस्थित हों, दीपक के प्राकृतिक एवं पुरुषोत्तम महत्व के साथ मनुष्यों का जुड़ाव आवश्यक है।**



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में विराट-रोहित के फॉर्म पर सबकी निगाहें

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर रविवार को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए उतरेगी तो विराट कोहली और रोहित शर्मा की टीम में वापसी से जुड़े जज्बात के अलावा इस प्रारुप में पूर्णकालिक कप्तान बने शुभमन गिल पर भी नजरें रहेंगी। मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के बाद कोहली और रोहित भारतीय टीम में लौटे हैं। पिछले सात महीने में भारतीय क्रिकेट की तस्वीर ही बदल गई है। इस दौरान टी20 और टेस्ट प्रारुप में कोहली और रोहित के बिना भारतीय क्रिकेट आगे बढना सीख गया है।

अब सवाल यह है कि वनडे प्रारुप में इन दोनों दिग्गजों के पास देने के लिए क्या है। इसमे कोई दोराय नहीं है कि ये दोनों किसी भी दौर में और किसी भी मानदंड से वनडे क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में गिने जाएंगे। इस श्रृंखला के लिए दोनों ने कड़ी मेहनत की है। रोहित ने तो कई किलो वजन भी घटाया है और कोहली लंदन में निजी ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काम कर रहे थे।

## ऑस्ट्रेलिया में आज से वनडे सीरीज का आगाज, सुबह 9 बजे शुरू होगा मैच

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों का रिकॉर्ड अच्छा

आईपीएल के बाद दोनों ने क्रिकेट नहीं खेली है लिहाजा खुद को ढालना चुनौतीपूर्ण होगा। दोनों के लिए अच्छी बात यह है कि उनकी वापसी आस्ट्रेलिया के खिलाफ हो रही है, जिसके सामने उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। इस श्रृंखला के जरिए दोनों के कैरियर की भविष्य को लेकर दिशा तय हो सकती है। रोहित को अब सिर्फ सीनियर खिलाड़ी के तौर पर टीम में अपनी भूमिका को आत्मसात करना होगा। पिछले दो टी20 और वनडे टूर्नामेंटों को उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को आईसीसी खिताब दिलाए हैं और वह मेलबर्न में आखिरी टेस्ट में भी टीम के कप्तान थे। कोहली अगर चिर परिचित अंदाज में लंबी पारियां खेलते हैं और रोहित अच्छी शुरुआत देते हैं, जो दोनों धुरंधरों का कैरियर कुछ साल और खिंच सकता है।



### रोहित-कोहली ट्रायल पर नहीं

मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ रोहित और कोहली की पुरानी प्रतिद्वंद्विता देखने में फिर मजा आएगा। दोनों को बखूबी पता है कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है और मौजूदा चयनकर्ता और टीम प्रबंधन 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखकर कड़े फैसले लेने से भी गुरेज नहीं करेंगे। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने कहा, रोहित और कोहली आस्ट्रेलिया में टीम का हिस्सा हैं। वे ट्रायल पर नहीं हैं। एक बार खेलना शुरू करेंगे, तब आप आकलन कर सकते हैं।'

### वनडे क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं रेड्डी

टीम प्रबंधन रोहित और गिल की सफल जोड़ी में बदलाव नहीं करेगा जबकि यशस्वी जायसवाल का विकल्प भी है । कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे और श्रेयस अय्यर तथा केएल राहुल उनके बाद, जिसके मायने हैं कि राहुल को विकेटकीपिंग भी करनी होगी। नीतिश कुमार रेड्डी वनडे क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं चूंकि हार्दिक पंड्या चोट के कारण बाहर हैं। मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह का साथ देने के लिये तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में हर्षित राणा या प्रसिद्ध कृष्णा को चुना जा सकता है।

### टीमें इस प्रकार

भारत : शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

आस्ट्रेलिया : मिचेल मार्श (कप्तान) , जेवियर बार्लेट, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मैथ्यू कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, मिचेल ओवन, जोश फिलीप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क।

## खबर संक्षेप



### बोस्टन ओपनः क्वार्टर फाइनल में हारी अनाहत

**नई दिल्ली।** महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह बोस्टन ओपन 15000 डॉलर ईनामी राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मिस्त्र की जाना स्वाइफी से हारकर बाहर हो गई। दिल्ली की अनाहत को जाना ने 11-4 11-9 6-11 3-11 11-5 से हराया। अनाहत ने अमेरिका की चार्लोट जे को 11-4 11-6 9-11 11-8 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

### एशेज में आस्ट्रेलिया के कप्तान होंगे स्मिथ

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया की चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने पुष्टि की कि नियमित कप्तान पैट कमिंस अगर एशेज श्रृंखला से पहले कमर की चोट से उबर नहीं पाते हैं तो



स्टीव स्मिथ कप्तान होंगे। कमिंस चोट के कारण भारत के खिलाफ रविवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से भी बाहर हैं। उनका 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट में खेलना भी तय नहीं है। बेली ने कहा,' पैट नहीं खेल पाते हैं तो स्मिथ कप्तान होंगे। यह रणनीति हमारे लिए पहले भी कारगर रही है।' स्मिथ इस सप्ताह न्यूयॉर्क से आस्ट्रेलिया लौट आए हैं और क्रिकेट न्यू साउथवेल्स के मुख्यालय पर अभ्यास शुरू कर दिया है।

### न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 रद्द

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश के कारण रद्द हो गया जब इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 153 रन बना लिए थे। सैम कुरेन ने 35 गेंद में नाबाद 49 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल है। जोस बटलर ने 25 गेंद में 29 रन बनाए जबकि हैरी ब्रूक ने 14 गेंद में 20 रन बनाए। इंग्लैंड की बल्लेबाजी के दौरान बारिश के कारण 15 मिनट खेल रोकना पड़ा जबकि पारी के ब्रेक के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई और मैच रद्द करना पड़ा। बाकी दो मैच सोमवार और बृहस्पतिवार को खेले जाएंगे।

### मकाऊ ओपनः पुखराज मडप्पा, चौरसिया ने किया कट में प्रवेश

**मकाऊ।** भारत के पुखराज सिंह गिल, विराज मडप्पा और एसएसपी



चौरसिया ने एसजेएम मकाऊ ओपन गोल्फ में कट में प्रवेश कर लिया। गिल ने पहले दिन पांच अंडर 65 स्कोर के बाद दूसरे दिन तीन ओवर 73 स्कोर किया । वह संयुक्त 43वें स्थान पर है। मडप्पा भी दूसरे दौर में एक ओवर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 43वें स्थान पर हैं। वहीं चौरसिया संयुक्त 59वें स्थान पर हैं। अमन राज, अंशुल कबठियाल और अर्जुन शर्मा कट में प्रवेश नहीं कर सके।

## रणजी ट्रॉफी : शमी के लय में आते ही उत्तराखंड की टीम ने खोई अपनी पकड़

# शमी ने बरपाया कहर, चटकाए 4 विकेट बंगाल ने उत्तराखंड को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार विकेट चटकाकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को उत्तराखंड पर 8 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उत्तराखंड ने खेल के अंतिम दिन दो विकेट पर 165 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब कप्तान कुणाल चंदेला 68 और भूपेन लालवानी 12 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन शमी के लय में आते ही उत्तराखंड की टीम ने अपनी लय खो दी। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी ने सुबह की परिस्थितियों का बेहतरीन फायदा उठाते हुए 24.4 ओवर में 38 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप और इशान पोरेल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। शमी ने पहले चंदेला को 72 रन पर पगबाधा आउट कर जीत की राह खोली, फिर लंच के बाद अभय नेगी, जन्मेजय जोशी और राजन कुमार को आउट किया। उत्तराखंड ने अपने अंतिम आठ विकेट मात्र 92 रन पर गंवा दिए और टीम 265 रन पर आउट हो गई।



### सेना ने त्रिपुरा पर पारी और 20 रन से दर्ज की जीत

इस बीच सेना ने दिल्ली में त्रिपुरा पर पारी और 20 रन से जीत दर्ज की। त्रिपुरा की टीम फॉलो ऑन करते हुए दूसरी पारी में केवल 163 रन पर आउट हो गई। सेना की तरफ से अर्जुन शर्मा ने पांच विकेट लिए। अहमदाबाद में मेजबान गुजरात ने असम के साथ ड्रॉ खेला, जिसने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 28 रन से की थी और अंत छह विकेट पर 192 रन पर किया। मुख्तार हुसैन (44), सुमित घडीगांवकर (37), नौवें नंबर के सिबाशंकर रॉय (नाबाद 39) और दसवें नंबर के स्वरूपम पुरकायस्थ (नाबाद 44) ने मैच ड्रॉ करने में अहम भूमिका निभाई।

### झारखंड ने तमिलनाडु को एक पारी और 114 रन से हराया

कोयंबटूर। झारखंड ने पूर्व चैंपियन तमिलनाडु को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में शनिवार को एक पारी और 114 रन से हराया जबकि अपना पहला प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे युवा आफ स्पिनर रिषव राज ने चौथे और आखिरी दिन चार विकेट चटकाए। झारखंड की जीत कल ही तय हो गई थी जब उसने तमिलनाडु को फॉलोआन खेलने के लिए कहा। चौबीस वर्ष के रिषव ने आखिरी दिन दो और विकेट लेकर पदार्पण के साथ 49 रन देकर चार विकेट चटकाए। झारखंड के पहली पारी के 419 रन के जवाब में तमिलनाडु की टीम 93 रन पर आउट हो गई थी। दूसरी पारी में तमिलनाडु ने 212 रन बनाए। झारखंड के कप्तान ईशान किशन ने 173 रन की पारी के दम पर 'प्लेयर आफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

### आंध्र और उत्तर प्रदेश का मैच ड्रॉ

वहीं कानपुर में आंध्र और उत्तर प्रदेश का मैच ड्रॉ हो गया । आंध्र के पहली पारी के 470 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने आठ विकेट पर 471 रन बनाए। रिंकू सिंह 165 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि माधव कौशिक ने 54 और आर्यन जुआल ने 66 रन का योगदान दिया।

### बड़ौदा ने ओडिशा को 7 विकेट से हराया

कटक में बड़ौदा ने ओडिशा को सात विकेट से हराया। ओडिशा ने पहली पारी में 271 रन बनाये थे जबकि बड़ौदा ने पहली पारी सात विकेट पर 413 रन पर घोषित की। ओडिशा की टीम दूसरी पारी में 174 रन पर आउट हो गई। बड़ौदा के महेश पिठिया ने 63 रन देकर छह और भार्गव भट्ट ने तीन विकेट लिए। जीत के लिए 36 रन का लक्ष्य बड़ौदा ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## जापान ओपन के फाइनल में लैला...



**ओसाका।** कनाडा की लैला फर्नांडीज ने कुछ मुश्किल पलों से गुजरने के बाद 35 वर्षीय सोराना सिर्सिया को 6-1 2-6 6-4 से हरा कर जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फर्नांडीज ने निर्णायक सेट में 4-4 के स्कोर पर सोराना की सर्विस तोड़ी और फिर अगले गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। चौथी वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी का फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा से होगा। वैलेंटोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में जैकलीन क्रिस्टियन को 6-7(3), 6-4, 6-3 से हराया। फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

## जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

# 16 साल की तन्वी का जलवा फाइनल में की जगह पक्की



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने चीन की लियू सी या के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सोलह साल की तन्वी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर 15-11, 15-9 से जीत दर्ज की। वह इस तरह इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वालीफाई करने वाली पूर्व विश्व नंबर एक साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के बाद केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचसाक से होगा।

### तन्वी ने पदक किया पक्का

तन्वी ने 17 साल में पहली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने ली के खिलाफ शुरुआत से ही अपने शानदार खेल का लोहा मनवाया। उन्होंने कोर्ट के अगले हिस्से शानदार इस्तेमाल करते हुए चीन की खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में 7-3 की बढ़त बना ली और हालांकि लियू एक समय पर अंतर को 8-7 तक कम करने में कामयाब रहीं, लेकिन तन्वी पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। तन्वी ने पहला गेम केवल 13 मिनट में समाप्त कर दिया। तन्वी ने दूसरे सेट में तेजी से 12-4 की बढ़त ली लेकिन चीन की खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाते हुए वापसी की कोशिश की। तन्वी ने हालांकि उनकी कोशिश को नाकाम करते हुए प्रभावशाली जीत दर्ज की।

### न्यूजीलैंड-पाक महिला विश्व कप मैच बारिश के कारण रद्द, दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचा

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच महिला विश्व कप मैच शनिवार को लगातार बारिश के कारण रद्द कर दिया गया जिससे दक्षिण अफ्रीका का सेमीफाइनल में पहुंचना तय हो गया। भारी बारिश के कारण मैच दो बार बाधित हुआ और पहली पारी में सिर्फ 25 ओवर का ही खेल हो सका। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पाकिस्तान ने 25 ओवर में पांच विकेट पर 92 रन बनाए। यह श्रीलंका के इस मैदान पर बिना किसी नतीजे के समाप्त होने वाला चौथा मैच था।

### रोहित और विराट से मेरे रिश्ते मजबूत : गिल

**पर्थ।** पिछले कुछ सप्ताह से सोशल मीडिया पर चाहे जो अटकलबाजी चल रही हो लेकिन भारत के नए वनडे कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली से उनके रिश्ते पहले की तरह मजबूत हैं और मैच के दौरान परेशानी में होने पर वह इन दोनों दिग्गजों से सलाह लेने में हिचकिचाएंगे नहीं। रोहित की जगह गिल को भारत का नया वनडे कप्तान बनाया गया है। उसके बाद से रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। गिल ने कहा,'बाहर भले ही कुछ भी बातें चल रही हो लेकिन रोहित से मेरे रिश्ते नहीं बदले हैं। जब भी मुझे मदद की जरूरत होती है, वह हमेशा उपलब्ध होते हैं। चाहे वह पिच के बारे में पता करना हो या कुछ भी।' उन्होंने कहा,' मैं उनसे जाकर पूछता हूं कि आपको क्या लगता है। अगर आप कप्तान होते तो क्या करते।



# टीम इंडिया की चुनौती, अहम मुकाबले से पहले गेंदबाजी संयोजन पर मंथन जरूरी

एजेंसी ▶▶| इंदौर

लगातार दो मैच हारने के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने का दबाव झेल रही भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रविवार 19 अक्टूबर को महिला विश्व कप के अहम मुकाबले में अपने गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित करने के लिए छठे गेंदबाज को उतारने पर विचार करना होगा।

विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारत की सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इस विश्व कप सत्र में भारत ने पांच बल्लेबाजों, एक विकेटकीपर और पांच गेंदबाजों को उतारने की रणनीति अपनाई है और गेंदबाजों में से तीन हरफनमौला हैं।



लेकिन विश्व कप में यह संयोजन सटीक नहीं बैठा और अब 'करो या मरो' के बाकी मुकाबलों में भारत को इस पर पुनर्विचार करना होगा। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को तीन में से दो मैच हर हालत में जीतने होंगे।

### अमनजोत को दी गई तरजीह

हरफनमौलाओं को उतारकर बल्लेबाजी को गहराई देने की भारत की रणनीति के चलते रेणुका सिंह जैसी विकेट लेने वाली गेंदबाज की जगह अमनजोत कौर को तरजीह दी गई है। रेणुका की गैर मौजूदगी से भारत का आक्रमण एक जैसा हो गया है और विविधता देने के लिए उन्हें उतारना ही होगा। इससे अनुभवहीन और युवा क्रांति गौड़ पर दबाव बन रहा है, जिसने अभी तक अच्छी गेंदबाजी की है। इसके अलावा बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव या तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी के भी विकल्प हैं।

## दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज को हराकर पहली बार बनाई पोडियम पर जगह

# विश्व कप फाइनल में चमकी ज्योति, कांस्य जीत कर रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| नानजिंग

अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम विश्व कप फाइनल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गई, जिन्होंने यहां कांस्य पदक हासिल किया। एशियाई खेल चैंपियन ज्योति ने दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज ब्रिटेन की एला गिब्सन को 150-145 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट में पोडियम पर जगह बनाई। आठ तीरंदाजों के विश्व कप सत्र के फाइनल में भारत की 29 वर्ष की ज्योति ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रुइज को 143-140 से हराया था। वह सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक तीरंदाज मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा से 143-145 से हार गई।



### विश्व कप फाइनल में तीसरी बार उतरी थी ज्योति

विश्व कप फाइनल में ज्योति तीसरी बार उतरी थी । इससे पहले वह 2022 और 2023 में पहले दौर में बाहर हो गई थी। भारत की मधुरा धमनगांवकर पहले दौर में मैक्सिको की मरियाना बेरनाल से 142-145 से हारकर बाहर हो गई।

### पुरुष कंपाउंड वर्ग में निराशा

भारत को पुरुष कंपाउंड वर्ग में निराशा हाथ लगी। देश के शीर्ष तीरंदाज ऋषभ यादव शूट-ऑफ में नीदरलैंड के पूर्व विश्व चैंपियन माइक श्लोसेर से हारकर कांस्य पदक से चूक गए। दोनों तीरंदाजों ने निर्धारित पांच छोरों पर केवल तीन अंक गंवाए और स्कोर 147-147 से बराबर रहा। शूट-ऑफ भी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों ने परफेक्ट 10 अंक बनाए, लेकिन श्लोएसर का तीर केंद्र के करीब लगा, जिससे यादव बहुत कम अंतर से विश्व कप फाइनल में पदक से वंचित रह गए। इस तरह से अभिषेक वर्मा विश्व कप फाइनल में पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय कंपाउंड तीरंदाज बने हुए हैं, जिन्होंने क्रमशः 2015 (मैक्सिको सिटी) में रजत और 2018 (सैमसन) में कांस्य पदक जीता था। रिकर्व वर्ग में किसी भारतीय ने क्वालीफाई नहीं किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




डाउन पेमेंट ₹1999^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

कॉर्पोरेट ऑफ़र्स ₹2 200# तक

SCAN TO KNOW MORE
ASK FOR XTEC

68kmpl
बेस्ट-इन-क्लास माइलेज$

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY
*Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Additional offers on
Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. $Mileage of Hero Super Splendor Xtec as per internal testing conditions. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE
1800 266 0018

**Authorised Dealers:** Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa: Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak: Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

TU1Jgtq132147